'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक : 221 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार , 26 अक्टूबर, 2024 samachargate@gmail.com

15वीं विधानसभा के पहले दिन विपुल गोयल ने ली विधायक पद की शपथ

समाचार गेट/संजय शर्मा

हरियाणा विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित परिणामों के साथ, जहां एक ओर ऐतिहासिक रूप से भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है, वहीं भारी बहुमत से जीतकर विपुल गोयल फरीदाबाद विधानसभा सीट (89) से विधायक चुने गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण के पश्चात, विपुल गोयल ने भी प्रोटेम स्पीकर द्वारा विधायक पद की शपथ ली। इसके अलावा, मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों तथा समस्त नव-निर्वाचित विधायकों ने एक-एक करके 15वीं विधानसभा की सदस्यता की शपथ ग्रहण की। ध्यान देने योग्य है कि 93,651 मत प्राप्त कर विधायक बने विपुल गोयल ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी, कांग्रेस प्रत्याशी को 48,388 वोटों से हराया। विपुल गोयल के विधायक के रूप में शपथ लेते ही, फरीदाबाद में विकास कार्यों की शुरूआत भी

हो गई। कल सुबह से ही फरीदाबाद के विभिन्न इलाकों में सीवर की सफाई, गंदे पानी का निस्तारण, कचरे के अंबार को हटाने तथा पाइपलाइन की मरम्मत जैसे लंबे समय से रुके हुए कार्य सुचारू रूप से शुरू कर दिए गए। कल प्रमुख रूप से सेक्टर 3, सेक्टर 8 और सेक्टर 87 में कार्य किए गए। नगर निगम के कर्मचारियों के अनुसार, विभिन्न इलाकों में नियमित सफाई और सौंदर्यीकरण का विस्तृत खाका तैयार किया जा रहा है, जिसमें विपुल गोयल की अहम भूमिका है। गौरतलब है कि विधायक बनने के दूसरे ही दिन विपुल गोयल ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कई मुद्दों पर त्वरित काम के निर्देश दिए थे। अब, चूंकि विपुल गोयल शहरी निकाय, राजस्व व आपदा प्रबंधन तथा नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ-साथ फरीदाबाद के विधायक पद की भी शपथ ग्रहण कर चुके हैं, उनके सभी निर्देशों का पालन करते हुए कार्य तेजी से जमीन पर दिखाई देने लगे हैं। विपुल गोयल के विधायक पद की शपथ के बाद फरीदाबाद में उनके समर्थकों के बीच खुशी का माहौल था। इस अवसर पर विपुल गोयल ने कहा कि शपथ ग्रहण केवल एक औपचारिकता नहीं है

बल्कि एक सुंदर संवैधानिक प्रक्रिया है, जो एक जनप्रतिनिधि को उसके दायित्व और निष्ठा का एहसास दिलाती है। उन्होंने कहा, "फरीदाबाद 89 की जनता के विश्वास और समर्थन से मुझे यह अवसर मिला है, अतः मेरा प्रण है कि आपके प्रतिनिधि के रूप में आपकी आकांक्षाओं को विधानसभा में पूरी दृढ़ता से प्रस्तुत करूँ।"

लॉरेंस बिश्नोई असली गांधीवादी हैं, वह भाईचारे का कर रहा प्रतिनिधित्व

–साध्वी प्राची का विवादित बयान : लॉरेंस बिश्नोई को बताया मासूम बच्चा

मुजफ्फरनगर। महाराष्ट्र के एनसीपी के कद्दावर नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकी देने वाले कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के प्रति हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने एक अजीबोगरीब बयान दिया है। साध्वी प्राची ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई, जिसे उन्होंने मासूम बच्चा कहा है असली गांधीवादी है और भाईचारे का सही प्रतिनिधित्व कर रहा है। मीडिया से बातचीत में साध्वी प्राची ने कहा कि वह किसी अपराधी का समर्थन नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज प्रकृति और जीवों की पूजा करता है। गांधीजी भी जीवों के समर्थन में थे और लॉरेंस बिश्नोई भी प्रकृति और जीवों से प्रेम करता है। यही वजह है कि वह सलमान खान के खिलाफ बोल रहा है। साध्वी प्राची ने 19 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के प्रदर्शन पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुजफ्फरनगर को दहलाने की साजिश रची जा रही है और कहा कि 19 अक्टूबर को भी यही साजिश की गई थी।

कर्नाटक में 101 दोषियों को उम्रकैद

कोप्पल । कर्नाटक की कोप्पल जिला अदालत ने गुरुवार को एक साथ 101 दोषियों को उम्रकैद का फैसला सुनाया। यह सामूहिक सजा देश में जाति से जुड़े किसी भी मामले में सबसे ज्यादा है। इन सभी को 28 अगस्त 2014 को गंगावती तालुक के मरकुंबी गांव में जाति आधारित हिंसा के लिए दोषी ठहराया गया था। हिंसा के दौरान 117 लोगों ने दलितों की झोपड़ियों में आग लगा दी थी। हालांकि 10 साल चली सुनवाई के दौरान 16 दोषियों की मौत हो गई। जस्टिस चंद्रशेखर सी ने इन पर 2000 से 5000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल, कोप्पल में दलितों को नाई की दुकानों और खाने-पीने की दुकानों में जाने से रोक दिया गया था। इससे पहले दो जाति के गुटों में झड़प हुई। बाद में यह हिंसक हो गई।

रद्दी बेचकर 3 साल में 1162 करोड रुपए कमाए केंद्र सरकार ने

नई दिल्ली । स्वच्छता अभियान के तहत सरकारी कार्यालय में पड़ी रद्दी को बेचकर सरकार कमाई करती है। दूसरी ओर रद्दी के कारण कार्यालय की जो जगह उपयोग में नहीं आती है उसे उपयोग के लिए तैयार किया जाता है। पिछले 3 साल में केंद्र सरकार के कार्यालयों ने रद्दी बेचकर 98 लाख वर्ग फुट कार्यालय के स्पेस खाली किया गया। वही 2021 से लेकर 2023 के बीच में 1162 करोड रुपए की रद्दी से केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालय को कमाई भी हुई है। इस साल केंद्र सरकार ने दिवाली के मौके पर स्वच्छता अभियान चलाकर 100 करोड रुपए की रद्दी बेची है।दीपावली तक यह अभियान सघनता के साथ चलाया जाएगा। सरकारी कार्यालय में साफ सफाई और सुंदरता बनाए रखने के लिए यह अभियान पिछले कई वर्षों से चलाया जा रहा है।

एक्स प्रोफाइल पर लगाया दाऊद इब्राहिम का फोटो, युवक के खिलाफ मामला दर्ज

नई दिल्ली। एक व्यक्ति के खिलाफ सोशल मीडिया पर दाऊद इब्राहिम का फोटो लगाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस के उपनिरीक्षक की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस थाना के प्रभारी अमित भड़ाना ने बताया कि जब उपनिरीक्षक राहुल प्रताप सिंह गश्त पर थे तो उन्हें जानकारी मिली कि सेक्टर-9 के निवासी जुनैद उर्फ रिहान ने 'एक्स' पर अपने खाते पर दाऊद इब्राहिम की फोटो लगाई है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने विरोध दर्ज कराया। भड़ाना ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सौहार्द बिगाड़ने के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

झारखंड में नक्सलियों एवं सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़, तलाशी अभियान शुरु

पलामू। झारखंड के पलामू जिले में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच गुरुवार रात मुठभेड़ हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाकर्मियों ने छतरपुर थाना क्षेत्र में तरवाडीह के निकट जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाकर्मियों को आते देख प्रतिबंधित टीएसपीसी के नक्सलियों ने उन पर गोलियां चलाना शुरु कर दी, जिस पर सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ करीब आधे घंटे तक चली, जिसके बाद नक्सली घने जंगल में भाग गए। इस मुठभेड़ में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सघन तलाशी अभियान जारी है। एसपी ने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के प्रभावित इलाकों में नक्सल विरोधी अभियान चल

भाजपा जो वादा करती है उसको पूरा भी करती है: कृष्णपाल गुर्जर

जेवर एयरपोर्ट पर मोहना में कट बनने से होगा पूरे पृथला क्षेत्र का विकास: बिजेन्द्र नेहरा

समाचार गेट/नरवीर यादव

आज गाँव मोहना और आसपास के गांवों के किसान जेवर एयरपोर्ट एक्सप्रेसवे पर उतार चढ़ाव मंजूर करवाने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर जी का धन्यवाद करने पहुँचे। सभी ने मिलकर कृष्णपाल गुर्जर जी और भाजपा सरकार का धन्यवाद किया। सभी किसान भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा जी के नेतृत्व में आए थे। बिजेन्द्र नेहरा ने कहा की कृष्णपाल गुर्जर जुबान के धनी है जो कहते है वह करते है। जेवर एयरपोर्ट एक्सप्रेसवे पर कट बनने से पृथला विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास होगा। वहाँ उद्योग लगेंगे और निवेश आयेगा युवाओ को रोजगार मिलेगा। वही केंद्रीय मंत्री श्री कृष्णपाल

गुर्जर जी ने कहा की जनता की सेवा करना और विकास कराना यही उनकी प्राथमिकता है। श्री कृष्णपाल गुर्जर जी ने कहा की मैंने पहले ही किसानो से कहा था की मोहना पर जेवर एयरपोर्ट पर कट में बनवाकर रहूँगा। श्री कृष्णपाल गुर्जर जी ने कहा की आने वाले समय में फरीदाबाद विकास में सबसे आगे होगा।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा जी, जिला परिषद उपाध्यक्ष धर्म चौधरी जी, शशिबाला तेवतिया जी, गाँव के पूर्व दानी सरपंच, ईश्वर नंबरदार जी, पप्पू पूर्व सरपंच, किशन सिंह पूर्व सरपंच, मोहित पंडित जी, निशांत हुड्डा, अजय डागर सरपंच, वीरेंद्र अत्री जी, परमी अत्री जी, मास्टर दिनेश कौशिक जी, योगेश गर्ग आदि और भी अनेक प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को फिर सुनाई खरी-खरी, अपने मुल्क की हालात सुधरे

श्रीनगर । नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुलमर्ग में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर सख्त नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा है और पाकिस्तान को अपनी आंतरिक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच दोस्ती का रास्ता ढूंढना जरूरी है, ताकि कश्मीर में शांति बहाल हो सके। गुरुवार को आतंकी हमले में दो सैनिक और दो कुली शहीद हो गए थे। अब्दुल्ला ने मारे गए जवानों और कुलियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि निर्दोष लोगों का मारा जाना बहुत दुखद है। फारूक ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को सलाह दी कि कश्मीर में हिंसा फैलाने के बजाय वह अपने हालात सुधारने की कोशिश करे। उन्होंने कहा कि लगातार घुसपैठ और आतंकवाद की घटनाओं से पाकिस्तान खुद बर्बाद हो रहा है और कश्मीर का भविष्य खराब कर रही है। साथ ही उन्होंने भारत सरकार से भी अपील की कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने पर विचार किया जाए ताकि लोगों की भलाई के लिए काम हो सके।

चक्रवाती तूफान 'दाना' के बीच गूंजी किलकारियां, 1600 बच्चों का हुआ जन्म

– गर्भवती महिलाओं को राहत केंद्रों पर बने अस्थायी अस्पतालों में किया था शिफ्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओडिशा में भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' के तटीय क्षेत्र से टकराया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक दाना का असर शुक्रवार सुबह तक इसके जारी रहने की संभावना है। इससे पहले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। वहीं, प्रदेश की 4431 गर्भवती महिलाओं को अलग-अलग राहत केंद्रों पर बने अस्थायी अस्पतालों में ले जाया गया। उनमें से 1600 से ज्यादा महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया। चक्रवात दाना के ओडिशा तट से टकराने के बाद कई क्षेत्रों में भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। तूफान ने केंद्रपाड़ा जिले के भितरकनिका और भद्रक के धामरा के बीच करीब 110 किमी प्रति घंटे की हवा की गति से दस्तक दी है। ओडिशा सरकार ने बताया कि कुल 5,84,888 व्यक्तियों को 6,008 आश्रयों में सुरक्षित पहुंचाया गया है। इसके अलावा सहायता के लिए 292 चिकित्सा दल और 155 पशु चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं।

ओडिशा के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले दो दिनों में जिन 4431 गर्भवती माताओं को एहतियात के तौर पर प्रसूति गृहों और स्वास्थ्य सुविधाओं में लाया गया था उनमें से करीब 1600 महिलाओं ने अपने नवजात शिशुओं को जन्म दिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार चक्रवात दाना के प्रभाव से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और बताया कि सीएम मोहन चरण माझी ने पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से टेलीफोन पर बातचीत की।

दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 7 शूटर्स को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार को पंजाब और आस-पास के राज्यों समेत देश भर के कई इलाकों से लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े सात शूटरों को गिरफ्तार किया। लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात के साबरमती की जेल में बंद है। वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसे वाला की हत्या के मामले में मुख्य आरोपियों में से एक है। एडिशनल सीपी स्पेशल सेल प्रमोद कुमार कुशवाह ने बताया कि स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने सात शूटरों को गिरफ्तार किया है। पहली गिरफ्तारी 23 अक्टूबर को दिल्ली से हुई थी, रितेश की गिरफ्तारी हुई थी। राजस्थान से सुखाराम नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया था। पंजाब के अबोहर और सिरसा से भी गिरफ्तारियां हुई हैं।

एडिशनल सीपी स्पेशल सेल ने आगे बताया कि वे राजस्थान में सुनील पहलवान नामक व्यक्ति की हत्या की योजना बना रहे थे। उन्होंने दो बार रेकी भी की। उनके पास से एक जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस भी बरामद की गई है। उन्हें आरजे बिश्नोई से सीधे निर्देश मिल रहे थे, जो स्वतंत्र रूप से

काम कर रहे हैं, लेकिन वे अतीत में लॉरेंस सिंडिकेट का हिस्सा रहे हैं। लक्ष्य के मामा राजनीतिक पृष्ठभूमि से हैं और उनका व्यवसाय भी है। इसका अभी तक बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से कोई लेना-देना नहीं है।

इससे पहले दिन में एनआईए ने लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। अनमोल पिछले अप्रैल में मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में कथित संलिप्तता के लिए एनआईए की जांच के घेरे में है और उसे एजेंसी की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया गया है। अनमोल द्वारा गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी लेने के बाद अप्रैल में उसके लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। लारेंस बिश्नोई, गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ का एक बेहतरीन उदाहरण है। खतरनाक गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ का हिस्सा बिश्नोई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कई हाई-प्रोफाइल मामलों में नामजद किया है, जिसमें प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से उसके कथित संबंध और पाकिस्तान से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में संलिप्तता शामिल है। 31 वर्षीय जेल में बंद गैंगस्टर पिछले हफ्ते महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता 66 वर्षीय बाबा सिद्दीकी की हाई-प्रोफाइल हत्या का मामला है, जिसमें वह मुख्य संदिग्ध है। सिद्दीकी की मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

हरियाणा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने कॉफी टेबल बुक हरियाणा राजभवन-एक दृष्टि का अनावरण किया

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज राजभवन में आयोजित एक भव्य समारोह में संयुक्त रूप से ह्यहरियाणा राजभवन-एक दृष्टि नामक कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया।

राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने पुस्तक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रकाशन हरियाणा के मूल्यों, विरासत और परंपराओं का एक स्थायी प्रमाण है, जो हमारे नागरिकों को राज्य की प्रशासनिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कॉफी टेबल बुक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो हरियाणा के समृद्ध सांस्कृतिक लोकाचार और शासन में राजभवन की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ती है। यह स्मारक पुस्तक हरियाणा राजभवन की स्थापत्य कला की भव्यता, राज्य के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और श्री बंडारू दत्तात्रेय द्वारा भाग लिए गए और संबोधित किए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को दशार्ती है। उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरों, अभिलेखीय सामग्रियों और विचारपूर्ण वर्णन से समृद्ध कॉफी टेबल बुक राजभवन के सार और हरियाणा के शासन और सांस्कृतिक इतिहास में इसके महत्व को दशार्ती है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री अतुल द्विवेदी, राज्यपाल के विशेष कार्य अधिकारी श्री बखविंदर सिंह, राज्यपाल के आईटी सलाहकार श्री बीए भानुशंकर और अन्य अधिकारी तथा गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

ज्ञानवापी के पूरे परिसर का नहीं होगा अतिरिक्त एएसआई सर्वे, हिंदू पक्ष की याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली (एजेंसी)। वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में अतिरिक्त एएसआई सर्वेक्षण के लिए हिंदू पक्ष की याचिका खारिज कर दी। हिंदू पक्ष के वकील विजय शंकर रस्तोगी ने कहा कि न्यायालय ने संपूर्ण ज्ञानवापी क्षेत्र के संरक्षण के लिए एएसआई द्वारा अतिरिक्त सर्वेक्षण के हमारे आवेदन को खारिज कर दिया है। हम इस निर्णय के खिलाफ 30 दिन के अंदर उच्च न्यायालय जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय नियमों और तथ्यों के विरुद्ध है। मैं इससे व्यथित हूँ और इसे ऊपरी अदालत में जाकर चुनौती दूँगा।

रस्तोगी ने दावा किया कि 8.4.2021 के आदेश के अनुसार सर्वेक्षण के लिए एएसआई को 5 सदस्यीय समिति नियुक्त करनी थी, जिसमें एक व्यक्ति अल्पसंख्यक समुदाय का और एक केंद्रीय विश्वविद्यालय का विशेषज्ञ होता। इन सभी को एएसआई सर्वेक्षण करना था। पिछला सर्वेक्षण

एएसआई ने ही किया था। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने पुष्टि की थी कि सर्वेक्षण उस आदेश (8.4.2021) के अनुपालन में नहीं था। हम तत्काल आधार पर उच्च न्यायालय जाएंगे।

हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने कहा कि सिविल कोर्ट ने खारिज कर दिया है और ऑर्डर भी आ गया है। हम इस ऑर्डर के खिलाफ रिवीजन के लिए डिस्ट्रिक्ट कोर्ट जाएंगे। लगभग सभी इलाकों का एएसआई सर्वे पूरा हो चुका है लेकिन कुछ जगहों पर सर्वे बाकी है जहां मशीनें नहीं पहुंच पाईं। इसलिए अतिरिक्त सर्वे की मांग की गई थी। हम सिविल कोर्ट जाएंगे और सफल होंगे। सर्वे होगा... हम सुनिश्चित करेंगे कि मंदिर परिसर के हर इंच का सर्वे हो। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह कोई झटका नहीं है... हमने सारे सबूत पहले ही पेश कर दिए हैं... डिस्ट्रिक्ट कोर्ट है, हाई कोर्ट है, सारे रास्ते अभी खुले हैं।

रघुवीर सिंह कादियान बने विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को राजभवन में सातवीं बार हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गए वरिष्ठ विधायक डा0 रघुवीर सिंह कादियान को विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा और निष्ठा, प्रभुता और अखंड़ता को बनाए रखने एवं

कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने डा0 रघुवीर सिंह कादियान को विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर बनने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री अतुल द्विवेदी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दिल्ली में सत्ता हासिल करने को बेताब भाजपा : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हर संभव तरीके से दिल्ली में सत्ता हासिल करना चाहती है, ताकि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा पिछले एक दशक में किए गए कामों को खत्म किया जा सके। केजरीवाल ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिया, जहां उन्होंने भाजपा के इरादों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी योजनाओं को रोकना चाहती है, जो आप सरकार ने आप सभी के लिए लागू की हैं। केजरीवाल ने चेतावनी देकर कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई, तब दिल्ली में बिजली की कटौती की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जैसे कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में है। केजरीवाल का यह बयान अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें आप ने अपनी उपलब्धियों को दर्शाने की कोशिश की है। भाजपा की तरफ से इस मुद्दे पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

दीपावली का त्योहार पूरे देश व विश्व में बड़ी उत्साह के साथ मनाया जाता है- बजरंग गर्ग

हिसार- पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के पूर्व संध्या पर स्कूल के कार्यकारी अध्यक्ष व अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में स्कूल के छात्र-छात्रों द्वारा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम व दीपावली के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित अध्यापक, मैनेजमेंट कमेटी व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार पूरे देश व विश्व में बड़ी उत्साह के साथ मनाया जाता है। दीपावली व धनतेरस पर पूजा करने से परिवार में सुख-शांति बनने के साथ-साथ धन की प्राप्ति होती है। दीपावली वाले दिन भगवान रामचंद्र जी 14 साल का बनवास काटकर अयोध्या में परधारने पर पूरी अयोध्या को दीपमाला व रंगोली से सजाई गई थी। बजरंग गर्ग ने कहा कि पीजीएसडी स्कूल की सभी संस्थाओं की बिल्डिंग का सौंदर्य करण हो रहा है और स्कूल में लिफ्ट लगाने के साथ-साथ कमरों का पूरी तरह सौंदर्यकरण किया जा रहा है। पीजीएसडी स्कूल हर साल शिक्षा क्षेत्र में हरियाणा में अव्वल स्थान पर आता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि संस्था द्वारा स्कूल के साथ-साथ जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए फ्री औषधालय, सिविल अस्पताल में जरूरतमंद के लिए सुबह का नाश्ता, दो समय का खाना व फल आदि अनेकों सालों से वितरण किए जाते हैं। स्कूल में भव्य शिवालय मंदिर बनाया हुआ है। बजरंग गर्ग ने स्कूल के अध्यापक, अध्यापिका व स्कूल के बच्चों को दीपावली का गिफ्ट देकर समान स्वरूप सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था वरिष्ठ उप प्रधान कैलाश चौधरी, उप प्रधान रमेश लोहिया, सचिव सुरेंद्र सिंगल, संपादक ओमप्रकाश असीजा व पितरूमल गोयल, राम अवतार सिंगल, रमेश कुमार पटवारी, जगत नारायण, सीताराम सिंगल, निरंजन गोयल, गोपाल बंसल, बजरंग असरावां, अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, प्रिंसिपल सतेंद्र गोयल, गंगा प्रसाद मौर्य अंगूरी देवी, उषा गर्ग, अनीता गर्ग, रविंद्र शर्मा, प्रवीण कंबोज, नेहा, दीपक कुमार आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

जिला की मंडियों में अब तक 7 लाख 68 हजार 617 मीट्रिक टन धान की हुई आवक-उपायुक्त उत्तम सिंह

करनाल- उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में 7 लाख 68 हजार 617 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। खरीदी गई धान का उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर किया जा रहा है। अब तक 7 लाख 68 हजार 617 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। इसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 5 लाख 14 हजार 475 मीट्रिक टन धान, हैफेड द्वारा 1 लाख 52 हजार 875 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन द्वारा 1 लाख 1 हजार 267 मीट्रिक टन धान खरीदा गया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धान को सुखाकर मंडियों में लेकर आएं ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (पुरुष तथा महिला) सीनियर वर्ग 2024 के लिए चयन ट्रायल 28 अक्तूबर को

करनाल। जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (पुरुष तथा महिला) सीनियर वर्ग 2024 प्रतियोगिता का आयोजन करवाने का निर्णय लिया गया है। इन खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 28 अक्तूबर को कर्ण स्टेडियम में प्रात- 9 बजे किया जाएगा।

ये खेल रहेंगे शामिल

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (पुरुष तथा महिला) सीनियर वर्ग 2024 में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर लंबी बाधा दौड़ (पुरुष वर्ग), 2 किलोमीटर लंबी बाधा दौड़ (महिला वर्ग), 5000 मीटर, 10000 मीटर, 20 किलोमीटर वॉक (पुरुष वर्ग), 5 किलोमीटर (महिला वर्ग), 110 मीटर हर्डल (पुरुष वर्ग), 100 मीटर हर्डल (महिला वर्ग), 400 मीटर हर्डल (पुरुष वर्ग), 400 मीटर हर्डल (महिला वर्ग), लॉंग जंप, ट्रिपल जंप, हाई जंप, पोल वॉल्ट, शॉर्ट पुट, डिस्कस थ्रो, हैंबर थ्रो, जैवलिन थ्रो, डेकाथन, हेप्टाथन, 4 100 मीटर रीले, 4 400 मीटर रिले, 4*100 मीटर मिक्स्ड रिले, 4*400 मीटर मिक्स्ड रिले खेल शामिल हैं।

एनसीबी प्रमुख श्री ओपी सिंह और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के निर्देशन में नशे के विरुद्ध कार्यक्रम

करनाल। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार साहब के नेतृत्व में हरियाणा में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रतिदिन नशे के विरुद्ध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को इस अभियान के लिए कार्य सौंपा है। यूथ रेड क्रॉस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नशे के विरुद्ध व्याख्यान के लिए बुलाया गया था। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय से संबंध सभी महाविद्यालयों, संस्थानों और यूटीडी के प्राचार्यों, निदेशकों और युवा रेड क्रॉस परामर्शदाताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. डीएस राणा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जबकि कुलपति सोमनाथ सचदेवा मुख्यातिथि थे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे को दो भागों में विभाजित कार्य पूर्ण रूप से व्याख्या करते हुए कहा कि नशे को पूर्ण रूप से समाप्त करने में सबकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने विस्तार पूर्वक नशे के कारण, प्रभाव और रोकने के उपाय आदि पर चर्चा की। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को परामर्श दिया कि नशे और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा में जब भी आपके संस्थान में कोई जागरूकता कार्यक्रम हो तो प्रयास करें कि सभी लोगों की सहभागिता हो। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर चर्चा करते हुए कहा कि इस पर कोई भी ड्रग्स बेचने वाले की गुप्त सूचना देकर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकता है।

शहर में भटकते आवारा पशुओं को पकडने का अभियान शुरू, 15 गाय व नंदी पकड़े- नीरज कादियान

करनाल। नगर निगम आयुक्त नीरज कादियान के निर्देश पर शहर की सड़कों पर भटकते आवारा पशुओं को पकडने का अभियान एक बार पुन- तेजी के साथ शुरू किया गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को15 छोटे व बड़े पशुओं का पकड़ा जा चुका है।

उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं को पकडने को लेकर सभी सफाई निरीक्षकों व सहायक सफाई निरीक्षकों को निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके फलस्वरूप अभियान को चलाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक स्पैशल टीम का गठन किया गया है, जो इस कार्य को करेगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पकड़े गए सभी पशुओं को नगर निगम की फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला में भेजा गया है।

उन्होंने बताया कि सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का भय बना रहता है। दूसरी ओर शहर की सफाई व्यवस्था भी खराब होती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए समय-समय पर ऐसे पशुओं को पकडने का अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि सड़कों व गलियों में भटकती गाय व नंदियों को पकडक़र फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला व नंदीशाला में रखा जाता है। वहां उन्हें समय पर चारा इत्यादि दिया जाता है। सुबह व सांय, दोनो समय घूमने-फिरने के लिए उनके परिसर में ही मौजूद खाली जगह पर खुले में छोड़ा जाता है। सभी की अच्छे से स्वास्थ्य देखभाल की जा रही है, इसके लिए पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त डॉक्टर की गौशाला में केयर टेकर के रूप में नियुक्ति की हुई है।

नगर निगम आयुक्त ने डेयरी संचालकों व नागरिकों से अपील करते कहा है कि वह उपयोग के बाद अपने पशुओं को सडक़ों पर आवारा भटकने के लिए न छोड़ें, इससे शहर की सफाई व यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं को पकडने का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, इसके लिए सफाई शाखा के सभी जोन इंचार्ज को निर्देश दिए गए हैं।

हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन ने की परिवहन मंत्री अनिल विज से मुलाकात

करनाल। हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन (सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ) ने हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज से अंबाला में उनके निवास पर मुलाकात की। परिवहन मंत्री को बधाई देते हुए उन्हें करनाल डिपो में आने के लिए निमंत्रण दिया। करनाल डिपो प्रधान सुरेश कश्यप संगोही ने कहा कि मंत्री ने यूनियन का निमंत्रण स्वीकार किया है। वह जल्द ही करनाल आएंगे। सुरेश संगोही ने कहा कि अनिल विज ईमानदार, निडर और निष्पक्षता से कार्य करने वाले राजनेता हैं। उनके मार्गदर्शन में परिवहन विभाग और रोडवेज कर्मचारियों का भला होगा। रोडवेज विभाग विकास के पथ पर अग्रसर होगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि रोडवेज विभाग में काफी समस्या तो ऐसी है, जिनका हल करने के लिए केवल पत्र जारी किए जाने हैं। लंबित समस्याओं के चलते कर्मचारियों को अनावश्यक मानसिक पीड़ा एवं तनाव सहन करना पड़ रहा है। रोडवेज विभाग का निजीकरण नहीं किया जाना चाहिए। सरकार रोडवेज के बेड़े में नई बसें

शामिल करे। कर्मचारियों और जनता को सुविधाएं दी जाएं। इस अवसर पर राज्य कमेटी में वरिष्ठ सदस्य सुखविंदर सिंह ब्याना, प्रधान सुरेश कश्यप संगोही, पूर्व प्रधान काला राणा, उपप्रधान सुमेर चन्द, सचिव राजेश कांबोज, सह सचिव जितेंद्र कांबोज व पूर्व सचिव सरबजीत सिंह खानपुर सहित करनाल डिपो के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

समाधान शिविर: चौथे दिन 16 शिकायत कर्ताओं की हुई सुनवाई, 6 का मौके पर हुआ समाधान

करनाल। नगर निगम आयुक्त नीरज कादियान ने बताया कि आमजन की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के मकसद को लेकर नगर निगम कार्यालय में बीती 22 अक्तूबर से समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को शिविर के चौथे दिन आए नागरिकों की सम्मान के साथ शिकायतें सुनी गई और उनका समाधान किया गया। उन्होंने जानकारी देते बताया कि समाधान शिविर में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 6 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया और शेष शिकायतों का निश्चित समयावधि में समाधान को लेकर सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता से लिया जाए। शिविर में आने वाले आम आदमी को त्वरित समाधान दिया जाए। उन्होंने सभी शाखा प्रभारियों को भी आदेश दिए हैं कि समाधान शिविर में आई शिकायत का शीघ्र अति शीघ्र निपटान करवाया जाए। अगर किसी शिकायत को मौके पर समाधान नहीं हो सकता, तो उसका निश्चित

समयावधि में समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए। निगमायुक्त ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस को नगर निगम कार्यालय के कॉंफ्रेंस हाल में प्रात- 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। अगर किसी नागरिक की नगर निगम से सम्बंधित शिकायत है, तो वह समाधान शिविर में आकर उसका हल करवा सकता है। समाधान शिविर में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप रजिस्ट्रार डॉ. रमेश शर्मा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह, नायब तहसीलदार राम कुमार, सहायक मनोज मान, कनिष्ठ अभियंता बिजेन्द्र राणा तथा सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार मौजूद रहे।

डिजिटल लाइब्रेरी व कृषिकोष ई-संसाधनों से शोध कार्यों में आएगी तीव्रता-प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में कृषिकोष डिजिटल रिपोजिटरी, साइबर सुरक्षा और शिक्षा एवं अनुसंधान में साहित्यिक चोरी विषय पर एकदिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हकृवि के नेहरू पुस्तकालय द्वारा आईसीएआर व आईएआरआई के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों में कृषिकोष डिजिटल रिपोजिटरी के बारे में जागरूकता लाना, रिपोजिटरी के उपयोग को बढ़ाना तथा शैक्षणिक एवं शोध समुदाय को साइबर सुरक्षा एवं साहित्यिक चोरी के प्रति संवेदनशील करना है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के व्यापक प्रचार एवं प्रसार के कारण ज्ञान किसी राज्य या देश की परिधि व समय में बंधा हुआ नहीं है बल्कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों की विभिन्न तकनीकों के माध्यम से सीमाओं से दूर फैल रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के ई -संसाधनों वाले ई- रिपोजिटरी ने इस संबंध में

महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा हाल के वर्षों में अनुसंधान और विकास का केंद्र बन गए हैं। कृषि और सकल घरेलू उत्पाद देश का बहुत बड़ा क्षेत्र है इसलिए छात्रों वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं के लिए समय पर सूचना पहुंचना अति आवश्यक है। कृषिकोष सही और प्रामाणिक डाटा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि आईसीएआर ने सीईआरए और कृषि कोर्स जैसे डिजिटल रिपोजिटरी के माध्यम से विभिन्न ई-संसाधनों तक पहुंच की सुविधा प्रदान की है, जिससे एनएआईपी कंसोर्टियम परियोजनाओं के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली (एनएआरएस) के तहत कृषि विश्वविद्यालय और आईसीएआर संस्थाओं को लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि नेहरू पुस्तकालय में 2 लाख 50 हजार पुस्तकें है। 2 लाख 6 हजार थीसिज उपलब्ध है जिससे शोधकर्ताओं को नए शोध करने में मदद मिलती है।

आईसीएआर-आईएआरआई, नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक व पीआई (ई-ग्रंथ) डॉ. अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि कृषि कोष एक ऐसी डिजिटल रिपोजिटरी है जिसमें देश की समस्त कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि अनुसंधान संस्थानों में किए गए शोध के शोधग्रंथों, अप्रकाशित साहित्य एवं संस्थागत प्रकाशन आदि इसमें उपलब्ध हैं। नेहरू पुस्तकालयाध्यक्ष एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के निर्देशक डॉ. राजीव कुमार पटेरिया ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि एनएआईपी 'कृषिप्रभा' के माध्यम से शोध प्रबंधों को डिजिटल बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि हकृवि का नेहरू पुस्ताकलय इस क्षेत्र में अह्म भूमिका निभा रहा है। डिप्टी लाईब्रेरियन डॉ. सीमा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। आईसीएआर नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने भी साइबर सेक्योरिटी विषय पर अपने विचार रखे। मंच का संचालन डॉ. संध्या शर्मा ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पोस्टर के माध्यम से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

गुरुग्राम। राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 9 की एंटी ड्रग्स अवेयरनेस कमेटी द्वारा पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मधु अरोड़ा ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए जागरूक किया।

श्रीमती मधु अरोड़ा ने कहा कि यदि युवा समाज को विकसित बनाना चाहते हैं तो उन्हें नशे से दूर रहना होगा। नशा न केवल हमारे शरीर को बल्कि हमारे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि वह जीवन में हर प्रकार के नशे से दूर रहेंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक श्री बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टर एवं स्लोगन द्वारा विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने का संदेश दिया है। इस अवसर पर डॉ मीनू शर्मा, डॉ हरीश कुमार, डॉ राजेश कुमार सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंजी कर्ण नगरी

करनाल। चौथी पातशाही गुरु राम दास जी महाराज के प्रकाश पर्व से दो दिन पहले गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख तथ पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में नगरकीर्तन निक ाला गया । पहली अरदास डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में सुबह हुई। उसके बाद नगरकीर्तन निकला। उसके बाद पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहेब से नगरकीर्तन को पूर्णता प्रदान की गई। नगरकीर्तन का जगह जगह स्वागत किया गया। पालकी साहेब में गुरुग्रंथ साहेब लोगों की आस्था का केंद्र बने हुए थे। आगे पंच प्यारे सिख धर्म की परंपरा को आगे बढ़ा रहे थे। नगरकीर्तन में महिलाएं गुरुग्रंथ साहेब के रास्ते में पुष्प अर्पित करते चल रही थीं। आगे मार्ग साफ किया जा रहा था। लोगों के जति शबद गायन करते चल रहे थे। नगरकीर्तन में सिख पंथ के विद्वतजनों को भी सम्मनित

किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य स. रतन सिंह ने हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रवक्ता किशोर नागपाल, गरुरपर्व प्रबांक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह को सिरौप भेंटकर सम्मानित किया गया। नगरकीर्तन में एचएसजीपीसी के सदस्य रतन सिंह, महासचिव जत्थेदार भाई इंद्रपाल सिंह, मंजी साहेब गुरूद्वारा कमिटी के तथा एच जी पी सी के सदस्य रतन सिंह, गुरु नानक सेवक जत्थे के राजेंद्र मिट्ठा, प्रतिपाल सिंह सतेंद्र सिंह, अमन मिट्ठा, प्रीत मिट्ठा, मंजीत, सतिंदर सिंह तेजेन्द्र सिंह गुरजीत ,बजाज, मोंटू आहुजा, कंवल जीते सिंह सुरेंद्र पाल सिंह रामगढिया किशोर नागपाल राजेंद्र अरोड़ा पप्पी तेजेंद्र पाल सिंह डिम्पी, जसविंदर सिंह बिल्ला ने भाग लिया। नगर कीर्तन में अखाड़े के सदस्यों द्वारा गतका का प्रदर्शन किया। सुबह दस बजे गुरुद्वारा डेरा कारसेवा से शुरू होकर नगरकीर्तन गुरुद्वारा मंजी साहेब, पातशाही पहली से बारह बजे से शुरू होकर कर्ण गेट, पुरानी जीटी रोड कमेटी चौक, नेहरू पैलेस कुजंपुरा रोड,अस्पताल चौक,निर्मल कुटिया सैक्टर 13 कालड़ा मार्कीट से होते हुए गुरुद्वारा डेरा कारसेवा पर जाकर संपन्न हुआ। नगरकीर्तन में गुरु साहेब की पालकी आस्था का केंद्र रही। इसमें दशमेश अखाड़ा, तथा बीर खालसा दल गतका पार्टी के सदस्यों ने जोहर दिखाए। नगरकीर्तन का जगह जगह स्वागत किया गया। जगह जगह लंगर प्रसाद के स्टाल लगाए गए। अस्पताल चौक, सब्जी मंडी चौक, कुंजपुरा रोड, के सामने सहित तमाम स्थानों पर स्टाल लगाए गए। यहां लगर प्रयाद बितरित किया गया गुरुनानक सेवक जत्था के पदाधिकारियों ने बताया कि 26 को रात को सात से दस बजे तक गुरूद्वारा मंजी साहेब में समागम होगा। इसमें ज्ञानी राजदीप सिंह भाई सुभदीप सिंह गुरु की महिमा का गान करेंगे।27 अक्तूबर को डेरा कारसेवा में सुबह नौ बजे से प्रकाश उत्सव पर गुरु मत समागम कार्यक्रम शुरू होगा। इस अवसर पर निफा के सहयोग से रक्तदान कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर बरता जाएगा। इस अवसर पर एच एस जी पी सी के प्रधान भूपिंदर सिंह असंध, सदस्य गुलाब सिंह, रतन सिंह मौजूद रहेंगे। गुरुमत समागम में भाई सर्वजीत सिंह पटना साहेब वाले, भाई मेहताब सिंह गुरु की महिमा का गान करेंगे।

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए 27 दिसंबर तक किया जा सकता है आवेदन

रेवाड़ी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए महिलाएं 27 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकती हैं। उपायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पहचान/मान्यता देना है, ताकि वे भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। यह भारतीय समाज में और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी महत्वपूर्ण है। उपायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार में इन्दिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य व बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ-टाइम अचीवर्स अवार्ड के लिए निर्धारित राशि व प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। इसी प्रकार से एएनएम/नर्स/महिला एमपीडब्ल्यू, महिला खिलाड़ी, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी तथा साक्षर महिला समूह को निर्धारित राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के लिये योग्यताएं व शर्तें महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट डब्ल्यूसीडीएचआरवाई डॉट जीओवी डॉट आईएन से डाउनलोड की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए स्थानीय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

दिवाली पर एक दीपक वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम 27 अक्टूबर को

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में सीमाओं पर देष की रक्षा करने वाले वीरों को नमन करने वाला कार्यक्रम दिवाली पर एक दीपक वीर सैनिकों के नाम का आयोजन 27 अक्टूबर रविवार प्रातः 7 बजे पंजाबी धर्मशाला पर किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेष कपूर ने बताया कि लक्ष्मण सिंह यादव विधायक रेवाड़ी कार्यक्रम में मुख्यातिथि की गरिमा बढ़ायेंगें प्रमुख समाजसेवी राजवीर सिंह विषिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेष राजपाल, गुरूद्वारा गुरू नानक देव सिंह सभा के प्रधान प्रीतपाल सिंह निक्का, वार्ड नं. 7 के पार्षद सुरेष सैनी व हमारा परिवार रेवाड़ी इकाई प्रमुख दयानंद आर्य का विषेष रूप से अभिनंदन किया जायेगा। सेवा करने वाले साथियों को विषेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। सहसंयोजक परवीन ठाकुर सभी को देषभक्ति के गीतों पर एरोबिक्स का आनंद दिलायेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रधान अरूण गुप्ता, षिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, महिला प्रधान निषा सीकरी, संयोजक शषी जुनेजा, पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज सहयोग कर रहे है।

न्याय सुलभ बनाने के लिए नालसा ने शुरू की हेल्पलाइन सेवा 15100

सोनीपत । मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि न्याय प्रणाली को सभी नागरिकों के लिए सरल और सुलभ बनाने हेतु राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने 15100 हेल्पलाइन नंबर शुरू किया है। इसके माध्यम से देश के सभी नागरिक कानूनी जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह हेल्पलाइन देश के सभी जिलों में लागू है। सचिव ने कहा कि कानूनी समस्याओं से जूझ रहे नागरिक, चाहे वे किसी भी वर्ग से हों, इस नंबर पर कॉल कर मुफ्त कानूनी परामर्श ले सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य न्याय प्रणाली को आम जनता के करीब लाना और उन्हें कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। विशेषकर, यह सेवा आर्थिक रूप से कमजोर और कानूनी जानकारी से वंचित लोगों के लिए है। हेल्पलाइन सेवा सुनिश्चित करती है कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लोग भी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि यह सेवा न्याय प्राप्ति के लिए एक सरल और प्रभावी माध्यम है, जो त्वरित कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करती है, जिससे न्याय प्रणाली में लोगों की भागीदारी बढ़ सके।

पराली प्रबंधन के लिए 5529 किसानों ने किया आवेदन: उपायुक्त डॉ. मनोज

सोनीपत। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि प्रदूषण रोकने के लिए जिला प्रशासन किसानों को पराली और धान फसल के अवशेषों के प्रबंधन के प्रति जागरूक कर रहा है। पराली का इन सीटू (खेत में) और एक्स सीटू (खेत से बाहर) प्रबंधन करने वाले किसानों को सरकार की ओर से प्रति एकड़ 1,000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए अब तक 5,529 किसानों ने पंजीकरण किया है, जिससे लगभग 45,772 एकड़ भूमि का पंजीकरण हुआ है। उपायुक्त ने शुक्रवार को बताया कि इस साल इन सीटू के लिए 5,255 किसानों ने 43,977 एकड़ और एक्स सीटू के लिए 297 किसानों ने 1,795 एकड़ के लिए पंजीकरण कराया है। उपायुक्त ने बताया कि सभी अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम स्तर की टीमें किसानों को पराली प्रबंधन के लाभ और जलाने के नुकसान के बारे में जागरूक करेंगी। साथ ही, पुलिस विभाग के सहयोग से ब्लॉक और ग्राम स्तर की टीमें नियमित मॉनिटरिंग करेंगी। डॉ. कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष 5,221 किसानों को 5.04 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया था। इस बार भी पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को अनुदान राशि दी जाएगी। किसान इस योजना का लाभ पाने के लिए पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि सीएसआर स्कीम के तहत किसानों को कृषि यंत्र अनुदान पर उपलब्ध करवाए गए हैं। वर्ष 2023-24 में 392 यंत्र वितरित किए गए हैं, जबकि इस वर्ष 584 यंत्रों के परमिट जारी किए गए हैं।

पुरानी रंजिश के चलते युवक की पीट-पीट कर हत्या

सोनीपत। सोनीपत जिले के रभड़ा गांव में एक 26 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक नसीब, जो पिछले 10-12 साल से गांव की एक महिला शांति के साथ रह रहा था, अपने पिता की मौत के बाद से ही उनके घर पर रहता था। नसीब खेती-बाड़ी का काम करता था और शराब ठेके पर काम करने वाले सेल्समेन को खाना पहुंचाने के बाद लौट रहा था, तभी 10-11 युवकों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों और लोहे के सरिया से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसे पीजीआई बीपीएस खानपुर ले जाया गया और वहां से रोहतक रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। महिला शांति ने पुलिस को बताया कि घटना के वक्त वह अपने घर के बाहर खड़ी थी और उसने देखा कि बिजेंद्र के घर के पास खड़े सन्नी, हितेश उर्फ नान्हा, कृष्ण, साहिल और बिल्लू समेत 5-7 अन्य लोगों ने नसीब को घेर लिया। हमलावरों ने नसीब पर लाठी-डंडों और तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। जब महिला ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उसे भी अनसुना कर दिया। नसीब के लहूलुहान होकर जमीन पर गिरते ही हमलावर उसे मरा हुआ समझकर वहां से भाग गए। शांति ने बताया कि कुछ दिन पहले नसीब और हितेश के बीच कुछ कहासुनी हुई थी, जिसे बाद में समणौता हो गया था। हालांकि, हितेश ने रंजिश रखी और इसी वजह से अपने साथियों के साथ मिलकर नसीब पर हमला किया। गोहाना सदर थाना के इंस्पेक्टर महीपाल ने बताया कि खानपुर कलां पीजीआई से उन्हें सूचना मिली थी कि नसीब को झगड़े के दौरान लगी चोटों के कारण अस्पताल में दाखिल किया गया है। नसीब के शरीर पर सात गंभीर चोटें थीं।

बाद में रोहतक के अस्पताल से खबर आई कि इलाज के दौरान नसीब की मौत हो गई है। पुलिस ने शांति देवी के बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

विद्यार्थियों ने लगाया दिवाली मेला, 12 स्टॉल रहे आकर्षण का केंद्र

समाचार गेट/ब्यूरो

विगत वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन बल्लभगढ़ फरीदाबाद हरियाणा के बी. एड. प्रथम व द्वितीय वर्ष तथा बी. बी. ए. और बी. सी. ए. के विद्यार्थियों द्वारा दिवाली मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्था प्रधान देवेंदर कुमार गुप्ता जी द्वारा फीता काटकर किया गया इस अवसर पर संस्था के महासचिव श्री दिनेश गुप्ता जी व संस्था प्राचार्य डॉ. सुबेश पांडे साथ में सभी प्राध्यापक डॉ. राजेंद्र प्रसाद, श्रीमती मिताली, श्रीमती जया शर्मा, श्रीमती कविता,डॉ अंजू शर्मा,डॉ राजीव लाल,श्रीमती पुष्पा,सुश्री हीना भार्गव, श्रीमती डिम्पल जैन व प्रशासनिक स्टाफ

श्रीमती पूजा शर्मा, श्री सन्नी, सुश्री प्रीती, सुश्री विधि बंसल और दुलीराम शर्मा उपस्थित थे। मेले में लगे हुए स्टालों, मनोरंजक खेलो व दिया, थाली तथा मोमबत्ती सजावट का मूल्यांकन करने के लिए अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ से डॉ प्रवीण गुप्ता,डॉ उषा चौधरी,डॉ डिम्पल,डॉ रेनू माहेश्वरी,डॉ नेहा गोयल,श्रीमती त्रिमेष कालरा को जज के रूप में आमंत्रित किया गया।

मेले का दृश्य वास्तव में अद्भुत, आकर्षक व मनोरंजक था जिसमें कुल 12 स्टाल लगाए गए थे प्रत्येक स्टाल में 5-5 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्टाल चाईना फ्यूजन था। दूसरा स्टाल पानीपुरी पैराडाइज था। तीसरा स्टाल स्वाद का संगम था)। चौथा स्टाल चाय की टपरी था । पांचवा स्टॉल पावभाजी क्लब था कछठा स्टाल जरा ठहरो और चखो था । सातवां स्टाल आज ही आज है ,कल गाजियाबाद था क आठवां स्टाल स्पाइसी हीवेन था कनवां स्टाल कुलचा एक्सप्रेस था क दसवां स्टाल स्वाद ए दिवाली था कम्या-रहवना स्टाल भल्ले शाले ते कस्टर्ड था कबारहवाँ स्टाल स्पा-इसी भल्ले ऑन सेल था क

जजों द्वारा पूरे मेले में लगे स्टालों का विधिवत निरीक्षण करने के पश्चात अपना निर्णय बताया जिसमें स्टालों में स्टाल बी एड से (आज ही आज कल गाजियाबाद) प्रथम, (चाईना फ्यूजन) द्वितीय, (चाय की टपरी और स्पाइसी हैवेन तृतीय तथा बी.बी.ए.और बी.सी.ए. से स्पाइसी भल्ले ऑन सेल) प्रथम, स्वाद ए दिवाली द्वितीय, भल्ले ते कस्ट-र्ड तृतीय तथा कुलचे एक्सप्रेस को प्रोत्साहन व दीया सजावट में बी एड प्रथम वर्ष से कंचन प्रथम, नंदनी द्वितीय, आँचल तृतीय, बी.बी.ए. और बी. सी.ए. से रश्मि प्रथम,सुमित द्वितीय,मनदीप तृतीय तथा मोमबत्ती सजावट में बी एड प्रथम वर्ष से सुजीत प्रथम, राशि द्वितीय, मान्शी तृतीय, थाली सज-ावट में बी.बी.ए. और बी. सी.ए. से रितु और निशा प्रथम, दिव्या और निशिका द्वितीय तथा हरीश और राधेश्याम तृतीय स्थान तथा बी एड द्वियित वर्ष से प्रेरणा और निर्मल प्रथम,लता और वंदना द्वितीय एवं बी एड प्रथम वर्ष से मान्शी और रितु तृतीय स्थान पर रहे क

तंबाकू मुक्त भारत - जे आर सी ने तंबाकू से हानियों बारे जागरूक किया

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा के मार्गनिर्देशन में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सहयोग से तंबाकू मुक्त भारत अभियान चलाया गया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने देश के युवाओं में बढ़ती हुई तंबाकू की लत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय व्यापक सर्वेक्षण के अनुसार देश में छह करोड़ से अधिक लोग तंबाकू पदार्थों का प्रयोग करते हैं जिनमें से अधिकतर लोग 10 से 17 वर्ष की आयु के हैं। रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि देश भर में 500 से अधिक ऐसे स्वयंसेवी संगठन हैं जो तंबाकू और संबंधित पदार्थों की खपत में कमी लाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके लिए इन्हें राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस समस्या की चिंता सामाजिक संकट के रूप में करनी होगी। हम जानते हैं कि एक बच्चा जब इस बुराई में फंसता है तो हम सभी उस बच्चे को दोषी मानते हैं। जबकि

सच यह है कि तंबाकू बुरा है। बच्चा बुरा नहीं है, तंबाकू की लत बुरी है। हम आदत को बुरा मानें, तंबाकू को बुरा मानें और उससे दूर रखने के रास्ते खोजें। अगर हम बच्चे को दुत्कार देंगे, तो वो और अधिक तंबाकू का प्रयोग करने लग जाएगा। ये अपने आप में एक मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और चिकित्सकीय समस्या है। और उसको हमें मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और चिकित्सकीय समस्या के रूप में ही देखना पड़ेगा। तंबाकू का नशा एवं अन्य कोई भी नशा व्यक्ति को अंधेरी गली में ले जाता है विनाश के मोड़ पर लाकर खड़ा कर देता है और उसके बाद उस व्यक्ति की जिंदगी में बबार्दी के अतिरिक्त और कुछ नहीं बचता। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि युवाओं को तंबाकू के विरुद्ध जागरुक करने में मीडिया की अहम भूमिका है तथा मीडिया अपना रोल बखूबी निभा रहा है। आज मीडिया को युव-ाओं का सही मार्ग दर्शक बनकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की आवश्यकता है। कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि जब जीवन में निराशा आ जाती है, विफलता आ जाती है, जीवन में जब कोई रास्ता नहीं सूझता, तब व्यक्ति नशे की लत में पड़ जाता है। जिसके जीवन में कोई ध्येय नहीं है, लक्ष्य नहीं है, इरादे नहीं हैं, वहां पर ड्रग्स का प्रवेश करना सरल हो जाता है। ड्रग्स से अगर बचना है और अपने बच्चे को बचाना है, तो उनको ध्येयवादी बनाइये, कुछ करने के इरादे वाला बनाइये, सपने देखने वाला बनाइये। आप देखिये, फिर उनका बाकी चीजों की तरफ मन नहीं लगेगा। इसलिए स्वामी विवेकानंद के शब्द कि झ एक विचार को ले लो, उस विचार को अपना जीवन बना लो। उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो। उस विचार को जीवन में उतार लो। अपने दिमाग, मांसपेशियों, नसों, शरीर के प्रत्येक हिस्से को उस विचार से भर दो और अन्य सभी विचार छोड़ दो।

10 किलोग्राम पटाखों सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समाचार गेट /सुमित गोयल

फरीदाबाद- माननीय अदालत के द्वारा अवैध पटाखों की बिक्री पर लगाई गई रोक के चलते पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल कद्दर, के द्वारा अवैध पटाखें बेचने वालो के खिलाफ कार्रवाई के दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए पर्वतीय कॉलोनी पुलिस टीम ने पटाखों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शिवम संजय एंक्लेव का रहने वाला है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से काबू किया गया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 10.4 किलो ग्राम पटाखें बरामद किए गए है। जिसके खिलाफ थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने पटाखे पैसे कमाने के लालच में आकर बेचने शुरू किए है। पूछताछ के बाद आरोपी के साथ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

हत्या प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी के साथ मुठभेड़, पुलिसकर्मी की बुलेट-प्रूफ जैकेट पर लगी गोली

मौके से अवैध एक पिस्तौल, 2 कारतूस व 2 खोल बरामद

समाचार गेट/ सुमित गोयल

फरीदाबाद- बता दे कि 5 अक्टूबर को विधान सभा चुनाव के दिन भारत कॉलोनी खेडीपुल फरीदाबाद में रजनीश सिंह नाम के व्यक्ति को गोली मार दी गई थी। जिस संबंध में थाना खेडीपुल में संबंधित धा-राओं में मामला पंजीकृत किया गया था। मामले में आरोपी फरार चल रहे थे। 24 अक्टूबर की रात को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम को गस्त के दौरान गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गोली चलाने के उपरोक्त मामले में वांछित आरोपी मनीष दिल्ली-मुम्बई एक्स-प्रेस वे सेक्टर-59 के आस-पास मौजूद है। जिसपर अपराध शाखा सेक्टर-65 के प्रभारी उपनिर-ीक्षक जगमिन्दर अपनी टीम के साथ दिल्ली- मुम्बई एक्स-प्रेस वे सेक्टर-59 के पास पहुंचे।

जहां पर आरोपी को काबू करने की कोशिश की गई तो मनीष ने पुलिस पार्टी पर एक राउंड फायर किए जिस पर पुलिस पार्टी ने अपने आप को पुलिस बताते हुए हवाई फायर किया फिर भी आरोपी ने पुलिस पार्टी पर दुसरा फायर किया, जो गोली उपनिरीक्षक जगमिन्दर की बुलेट-प्रूफ जैकेट पर लगी, जिसपर पुलिस पार्टी ने अपने आप को बचाते हुए आरोपी को भागने से रोकने व काबू करने के लिए फायर किए। इस मुठभेड़ के दौरान मनीष के पैर में गोली लगी

और उसको पुलिस पार्टी द्वारा ईलाज के लिए सिविल अस्पताल फरीदाबाद में भर्ती कराया गया। फॉरेंसिक टीम के द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया, मौका पर एक पिस्टल 32 बोर, 2 कारतूस व 2 खोल बरामद किए गए। मनीष के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाना, जानसे मारने की नियत से पुलिस पर फायर करने की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत थाना सेक्टर-58 में मामला पंजीकृत किया गया है। आरोपी का सिविल अस्पताल में ईलाज चल रहा है इलाज के बाद आरोपी के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी

कम्पनी से स्प्रिंग चोरी करने वाले चार आरोपियो को किया गिरफ्तार

समाचार गेट/ सुमित गोयल

फरीदाबाद- पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने कम्पनी में चोरी की वारदात को अनजाम देने वाले 4 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मोहित उर्फ सपोला, शुभम, वसीम और रिहान का नाम शामिल है। मोहित उर्फ सपोला राजस्थानी जोगी गली पटेल चौक रञ्ज नगर तथा अन्य तीनों सेक्टर-48 के रहने वाले है। अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान सिध्दार्थ आश्रम के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी मौके पर स्प्रिंग (80-100 किलोग्राम की) को बेचने की फिराक में थे। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियो ने एक कम्पनी से 2 स्प्रिंग व एक हैमर मशीन चोरी की थी। जिसमें से एक स्प्रिंग व हैमर मशीन किसी अनजान व्यक्ति को 10000/-रु में बेच दी थी। चारों आरोपी नशा करने के आदी है। चारों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

पुलिस उपायुक्त कार्यालय बल्लभगढ़ में पुलिस पब्लिक कोऑर्डिनेशन कमेटी की गोष्ठी का आयोजन

समाज को नशा मुक्त बनाने में पुलिस की करे मदद- अनिल कुमार, पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ

फरीदाबादः- पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार द्वारा अपने कार्यालय में पुलिस पब्लिक कोऑर्डिनेशन कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारी के साथ थाना सेक्टर 8 क्षेत्र की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (फ्हअ) के सदस्यों और वरिष्ठ नागरिकों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान चर्चा की गई कि कैसे बल्लभगढ़ क्षेत्र को अपराध मुक्त, नशा मुक्त और सड़क दुर्घटना मुक्त बनाया जा सके। विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ द्वारा संबंधित थाना प्रबंधक और चौकी प्रभारियों को निष्पादन के निर्देश दिए गए।

गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य पुलिस और समाज में समन्वय स्थापित करना और आपसी सहयोग से क्षेत्र की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। पुलिस और पब्लिक के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जिससे समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

पुलिस उपायुक्त ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प दोहराया ताकि पुलिस और समाज के बीच बेहतर तालमेल बना रहे। उन्होंनें कहा कि पुलिस और पब्लिक के इस प्रकार के सहयोग से ही एक सु-रक्षित और अपराध मुक्त समाज की स्थापना संभव है

संपादकीय

समय एक जैसा नहीं रहता...!

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

1997 में, कोडक के पास लगभग 160,000 कर्मचारी थे और दुनिया की लगभग 85% फोटोग्राफी कोडक कैमरों से की जाती थी। पिछले कुछ सालों में मोबाइल कैमरों के उदय के साथ, कोडक कैमरा कंपनी मार्केट से बाहर हो गई है। यहाँ तक कि कोडक पूरी तरह से दिवालिया हो गई और उसके सभी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया।

उसी समय कई और मशहूर कंपनियों को अपने आप को रोकना पड़ा। जैसे कि 1. HMT (घड़ी), 2 BAJAJ (स्कूटर), 3. धनोया (TV), 4. MURPHY (रेडियो), NOKIA (मोबाइल), RAJDOOT (बाइक), AMBASSADOR (कार) उपरोक्त कंपनियों में से किसी की भी गुणवत्ता खराब नहीं थी। फिर भी ये कंपनियाँ बाहर क्यों हो गईं? क्योंकि वे समय के साथ खुद को बदल नहीं पाईं। वर्तमान क्षण में खड़े होकर आप शायद यह भी न सोचें कि अगले 10 सालों में दुनिया कितनी बदल सकती है! और आज की 70%-90% नौकरियाँ अगले 10 सालों में पूरी तरह से खत्म हो जाएँगी। हम धीरे-धीरे "चौथी औद्योगिक क्रांति" के दौर में प्रवेश कर रहे हैं।

आज की मशहूर कंपनियों को देखिए-

वइएफसिर्फ.एक सॉफ्टवेयर का नाम है। नहीं, उनके पास अपनी कोई कार नहीं है। फिर भी आज दुनिया की सबसे बड़ी टैक्सी-फेयर कंपनी उबर है। एयर आज दुनिया की सबसे बड़ी होटल कंपनी है। लेकिन मजेदार बात यह है कि दुनिया में उनके पास एक भी होटल नहीं है। इसी तरह, पेटीएम, ओला कैब ओयो रूम आदि जैसी अनगिनत कंपनियों के उदाहरण दिए जा सकते हैं। आज अमेरिका में नए वकीलों के लिए कोई काम नहीं है, क्योंकि BM Watson नामक एक कानूनी सॉफ्टवेयर किसी भी नए वकील से कहीं बेहतर वकालत कर सकता है। इस प्रकार अगले 10 सालों में लगभग 90% अमेरिकियों के पास कोई नौकरी नहीं होगी। शेष 10% बच जाएँगे। ये 10% विशेषज्ञ होंगे। नए डॉक्टर भी काम पर जाने के लिए बैठे हैं। AMBASSADOR कैंसर और दूसरी बीमारियों का पता इंसानों से 4 गुना ज्यादा सटीकता से लगा सकता है। 2030 तक कंप्यूटर इंटेलिजेंस मानव इंटेलिजेंस से आगे निकल जाएगा। अगले 20 सालों में आज की 90% कारें सड़कों पर नहीं दिखेंगी। बची हुई कारें या तो बिजली से चलेंगी या हाइब्रिड कारें होंगी। सड़कें धीरे-धीरे खाली हो जाएंगी। गैसोलीन की खपत कम हो जाएगी और तेल उत्पादक अरब देश धीरे-धीरे दिवालिया हो जाएंगे। अगर आपको कार चाहिए तो आपको उबर जैसे किसी सॉफ्टवेयर से कार मांगनी होगी। और जैसे ही आप कार मांगेंगे, आपके दरवाजे के सामने एक पूरी तरह से ड्राइवरलेस कार आकर खड़ी हो जाएगी। अगर आप एक ही कार में कई लोगों के साथ यात्रा करते हैं, तो प्रति व्यक्ति कार का किराया बाइक से भी कम होगा। बिना ड्राइवर के गाड़ी चलाने से दुर्घटनाओं की संख्या 99% कम हो जाएगी। और इसीलिए कार बीमा बंद हो जाएगा और कार बीमा कंपनियाँ भी बाहर हो जायेंगी। पृथ्वी पर ड्राइविंग जैसी चीजें अब नहीं बचेंगी। जब 90% वाहन सड़क से गायब हो जाएँगे, तो ट्रैफिक पुलिस और पार्किंग कर्मचारियों की जरूरत नहीं होगी। जरा सोचिए, 10 साल पहले भी गली-मोहल्लों में एसटीडी बूथ हुआ करते थे। देश में मोबाइल क्रांति के आने के बाद ये सारे एसटीडी बूथ बंद होने को मजबूर हो गए। जो बच गए वो मोबाइल रिचार्ज की दुकानें बन गए। फिर मोबाइल रिचार्ज में ऑनलाइन क्रांति आई। लोग घर बैठे ऑनलाइन ही अपने मोबाइल रिचार्ज करने लगे। फिर इन रिचार्ज की दुकानों को बदलना पड़ा। अब ये सिर्फ मोबाइल फोन खरीदने-बेचने और रिपेयर की दुकानें रह गई हैं। लेकिन ये भी बहुत जल्द बदल जाएगा। अमेजन, फ्लिपकार्ट से सीधे मोबाइल फोन की बिक्री बढ़ रही है। पैसे की परिभाषा भी बदल रही है। कभी कैश हुआ करता था लेकिन आज के दौर में ये "प्लास्टिक मनी" बन गया है। क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड का दौर कुछ दिन पहले की बात है। अब वो भी बदल रहा है और मोबाइल वॉलेट का दौर आ रहा है। पेटीएम का बढ़ता बाजार, मोबाइल मनी की एक क्लिक। जो लोग उम्र के साथ नहीं बदल सकते, उम्र उन्हें धरती से हटा देती है, इसलिए जमाने के साथ बदलते रहें।

नशे को पूर्ण रूप से समाप्त करने में सबकी सहभागिता आवश्यक है

नशे के विरुद्ध 9050891508 पर दें गुप्त सूचनाएं

समाचार गेट/ब्यूरो

मधुबन/करनाल। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार साहब के नेतृत्व में हरियाणा में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रतिदिन नशे के विरुद्ध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को इस अभियान के लिए कार्य सौंपा है। यूथ रेड क्रॉस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नशे के विरुद्ध व्याख्यान के लिए बुलाया गया था। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय से संबंध सभी महाविद्यालयों, संस्थानों और यूटीडी के प्राचार्यों, निदेशकों और युवा रेड क्रॉस परामर्शदाताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. डीएस राणा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जबकि कुलपति सोमनाथ सचदेवा मुख्यातिथि थे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे को दो भागों में विभाजित कार्य पूर्ण रूप से व्याख्या करते हुए कहा कि नशे को पूर्ण रूप से समाप्त करने में सबकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने विस्तार पूर्वक नशे के कारण, प्रभाव और रोकने के उपाय आदि पर चर्चा की। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को परामर्श दिया कि नशे और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा में जब भी आपके संस्थान में कोई जागरूकता कार्यक्रम हो तो प्रयास करें कि सभी लोगों की सहभागिता हो। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर चर्चा करते हुए कहा कि इस पर कोई भी ड्रग्स बेचने वाले की गुप्त सूचना देकर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकता है।

दीपावली के नजदीक आते ही मिट्टी के दीये नजरों तले दबे बढने लगी चाइनीज बिजली उपकरणों की मांग

कनीना सुनील दीक्षित

दीपावली का त्योंहार ज्यों-ज्यों नजदीक आता जा रहा है त्यों-त्यों बाजार में चाइनीज लडी व आइटमों की भरमार होती जा रही है। नतीजतन मिट्टी के दीयों की मांग कम होने लगी है। जिससे मिट्टी के दीए बनाने वाले कुम्हार समुदाय की आमदनी पर संकट के बादल मंडरा गए हैं। दिये बनाने के लिए कुम्हारों की ओर से एक माह पूर्व कार्य शुरू किया जाता है। जिनके तैयार होने के बाद उन्हें बाजार में उतरा जाता है। जहां दो रुपए प्रति दीया के रेट भी उन्हें नहीं मिल पाते। इसके अलावा रंग-बिरगें चाइनीज बिजली उपकरण लोगों को अपनी ओर आर्कषित करते हैं जो मिट्टी के दीयों से अधिक कीमत के होते हैं। नागरिक उन्हें खरीद कर घर ले जाना पसंद करते हैं। परंपरागत

दीयों को अनदेखा कर इन चाइनीज बिजली उपकरणों से आखों पर विपरीत प्रभाव पडता है। गांव के बुजुर्ग व्यक्ति आज भी मिट्टी के दीयों को महत्व देते हैं। मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हार दीये लेकर गलि-गलि घूम रहे हैं जहां उन्हें लागत से कम कीमत पर दीये देने पड रहे हैं। दिये बेच रही महिला सुशीला देवी ने कहा कि एक महिने पहले उनकी ओर से दीपक तैयार किए जाते हैं। जिनकी लागत भी नहीं मिल पाती। उनके लिए दीपक बनाना घाटे का सौदा हो गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से कुम्हारों को विशेष प्रोत्साहन पैकेज देने की मांग की है।

सुरक्षित दीवाली मनाने के लिए उठाएं कारगर कदम

सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा ऐतिहात बरती जानी चाहिए। इस बारे में उप नागरिक अस्पताल कनीना में कार्यरत डॉ जेके मोरवाल व डॉ अंकित शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में एयर क्वालिटी ठीक नहीं है। एक्यूआई 300 से अधिक होने के कारण श्वांस तथा नेत्र रागियों की संख्या बढ रही है। पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध है। इसके अलावा युवक गंधक और पोटाश को पटाखे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे ध्वनि तथा वायु प्रदूषण होता है। जो स्वास्थ पर बुरा प्रभाव डालता है। बाजार में घडल्ले से बेचे जा रहे गंधक ओर पोटाश की बिक्री पर लगाम लगाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बाजार में मिठाई खरीदते समय उपभोक्ता सावधानी बरतें। मिठाई की शुद्वता व गुणवत्ता का ध्यान कर खरीदना चाहिए। मिलावटी तथा बासी मिठाई स्वास्थ को खराब कर सकती है। सूखे मेवे या घर में बनी मिठाई का उपयोग करें तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए खासकर बच्चों को आतिषबाजी तथा बिजली के उपकरणों से दूर रखें। उन्होंने कहा कि त्योंहार के दृष्टिगत अस्पताल में बर्न वार्ड बनाया गया है।

-कुम्हारों के लिए घाटे का सौदा बने मिट्टी के दिये,सरकार से की विशेष पैकेज की मांग

कनीना मंडी में अब कमजोर पडने लगी बाजरे की आवक

-पिछले 4 दिन से घटी बाजरे की आवक

कनीना सुनील दीक्षित

पिछले 20 दिनों से 10 हजार क्विंटल से अधिक बाजरे की आवक के बाद अब कनीना मंडी में बाजरे की आवक कमजोर पडने लगी है। पिछले 4 दिनों से 5 हजार क्विंटल से कम की खरीद की जा रही है। कनीना मंडी में शुक्रवार को 352 किसानों से 4235 क्विंटल बाजरे की खरीद की गई। जबकि बृहस्पतिवार को 3308 क्विंटल की खरीद की गई थी। हैफेड के खरीद अधिकारी रिषी शर्मा व मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि नियमित रूप से बाजरे की खरीद की जा रही है। कनीना-

अटेली मार्ग स्थित नयी आनाज मंडी चेलावास में खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से बाजरे की खरीद की जा रही है। सरकार की ओर से 15 नवम्बर तक खरीद किए जाने के आदेश हैं लेकिन बाजरे की आवक के मुताबिक सप्ताहभर तक खरीद चलने का अनुमान है। खरीदे गए बाजरे का उठान कर जींद तथा पलवल के गोदाम में भेजा गया है। एक अक्टूबर से बाजरे की खरीद शुरू की गई थी जो अब तक जारी है।

अब बाजरे की आवक कम होने लगी है। खरीद एजेंसी द्वारा एमएसपी 2625 रूपे प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की खरीद की जा रही है। मंडी में आने वाले किसानों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ किसान ई-खरीद पोर्टल से गेट पास लेकर मंडी में पंहुच रहे हैं। इस मौके पर मनीष गुप्ता,मंडी सुपरवाइजर सतीश कुमार, राधेश्याम, अशोक कुमार, संदीप, बंटी, आदेश कुमार, सतीश कुमार, नरेश कुमार उपस्थित थे।

डेंगू व मलेरिया के मच्छरों पर नियंत्रण के लिए नपा ने वार्डों में करवाई फोगिंग

कनीना सुनील दीक्षित

डेंगू तथा मलेरिया के मच्छरों पर नियंत्रण पाने के लिए कनीना नगरपालिका प्रशासन द्वारा शुक्रवार को वार्डों में दवा का छिडकाव कराया गया। नपा कर्मचारियों ने वाहन में मशीन रखकर मक्खी-मच्छर तथा अन्य जहरीले कीट पर नियंत्रण पाने के लिए फोगिंग की। नपा प्रशासक एसडीएम अमित कुमार व सचिव समयपाल सिंह ने बताया कि बारिश के मौसम के बाद तरह-तरह के विषाणु पनप जाते हैं। जिनसे बिमारियों का खतरा बढ जाता है। डेंगू, मलेरिया,चिकनगुनिया,फीवर व आई फ्ल्यू जैसी बिमारियां होने की खतरा रहता है। बिमारी से बचाव के लिए नपा कर्मचारियों ने फोगिंग की है। उन्होंने बताया कि बिमारियों से बचाव के लिए दवा का छिडकाव किया जाता है। उन्होंने कहा कि मलेरिया एनाफलीज मादा मच्छर के काटने से पनपता है। नपा कर्मियों ने वार्ड वासियों से कहा कि वे अपने घर के नजदीक गंदा पानी जमा न होने दें, घर के अंदर फर्श पर फिनाईल का पौछा लगाएं। सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे के रूप में मनाएं। घर के बर्तनों, कूलर,टंकी,फ्रिज, गमले को सूखकर प्रयोग में लाएं। उन्होंने कहा कि बुखार होने पर नजदीकी अस्ताल में जाकर चिकित्सक से परामर्श लें।

साईंस इनोवेशन में एसडी स्कूल के विद्यार्थी करेगें राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व

-आगामी 4 दिसम्बर को आयोजित होगी प्रतियोगिता

कनीना सुनील दीक्षित

बृहस्पतिवार को मंढाणा विद्यालय में आयोजित हरियाणा काउंसिल ऑफ साइंस इनोवेशन की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एसडी स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि प्राकी, संजना,जतिन का जोनल लेवल के लिए चयन हुआ। इन विद्यार्थियों को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी और गणित विषय पर आधारित प्रश्न पूछे गये थे। जिला स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में सीबीएसई से जुडे विभिन्न 34 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। जिसमें 5 टीमों का जोनल लेवल के लिए चयन हुआ है जो आगामी 4 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। जगदेव यादव ने सभी मेधावी

विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों के सयुंक्त प्रयास से यह सफलता मिली है। विद्यार्थी मेहनत करते रहें सफलता जरूर मिलेगी। इस अवसर पर प्राचार्य ओमप्रकाश, राजेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव, उपप्राचार्य पूर्ण सिंह, सीएओ नरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, जसबीर जांगिड़ सहित शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

दो दिवसीय सोशल आडिट पी.एम.ए.वाई. मीटिंग का हुआ आयोजन

अनिल मोहनियां नूंह

पुन्हाना में दो दिवसीय प्रधानमंत्री आवास योजना (पी.एम.ए.वाई-शहरी) की सोशल आडिट की मीटिंग प्रारंभ हुई। इस मौके पर क्रीड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डा. मनोज कुमार तेवतिया ने बताया कि इस योजना के चार मुख्य घटक हैं जिसमें स्थानीय स्लम पुर्नविकास आ-ईएसएसआर, ऋण आधारित ब्याज सब्सिडी योजना सीएलएसएस भागीदारी में किफायती आवास एएचपी एवं लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण/विस्तार बीएलसी है। इस प्रक्रिया में लगभग 24 नागरिक हिस्सा ले रहे हैं। पुन्हाना शहर में 339 लोगों ने इस योजना के अंतर्गत आवेदन किया था। 32 आवेदनकर्ता अयोग्य पाए गए, पहली किस्त 251 को, दूसरी 115 को, तीसरी 15 को जा चुकी है।

दो दिवसीय सोशल आडिट मीटिंग का आयोजन पुन्हाना में आयोजित किया जा रहा है, तथा यह मीटिंग चंडीगढ़ स्थित शोध संस्था क्रिड की देखरेख में आयोजित की जा रही है। इस कार्य के लिए शोध संस्थान क्रिड को हाउसिंग फॉर आल विभाग, हरियाणा द्वारा चयनित किया गया है। क्रिड से आई टीम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डा. मनोज कुमार तेवतिया ने सोशल आडिट कमेटी मीटिंग के प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सोशल आडिट के उदेदश्यों तथा फायदों का प्रकाश डालते हुए जानकारी दी की यह प्रकिया सहभागिता, उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता को बढ़ाने वाली है।

उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में सोशल आडिट से हो रहे फायदों की जानकारी भी दी। सोशल आडिट मीटिंग प्रतिभागियों को पांच सब कमेटियों में बांटा गया था जिसमें पहली कमेटी पीएमएवाई शहरी से संबंधित नियोजन एवं क्रियावान दस्तावेजों का निरीक्षण, दूसरी कमेटी स्थानीय योजनाकारों एवं अधिकारियों का साक्षात्कार, तीसरी कमेटी लाभार्थियों एवं संबंधित हितधारकों को लेकर परस्पर सामूहिक परिचर्चा फोकस ग्रुप डिस्कशन चौथी कमेटी लाभार्थियों का साक्षात्कार तथा चयनित मकानों का स्थल निरीक्षण तथा पांचवी सब-कमेटी लाभार्थियों के किसी भी विषय के निदान के लिए जनसुनवाई आयोजित करेगी। दो दिवसीय मीटिंग और सब कमेटियों के प्रस्तुतीकरण तथा स्टडी के आधार पर क्रिड फाईनल रिपोर्ट तैयार करके नगर पालिका एवं राज्य सरकार के हाउसिंग फॉर आल विभाग, हरियाणा को प्रस्तुत करेगा। जिसके आधार पर योजना के कार्यांणवन एवं गुणवत्ता में सुधार किया जा सकें। मीटिंग मे आये लोगों ने बताया कि कई गरीब लोग योजना के लिए आवेदन नहीं कर पाए तथा योजना के लाभ से वंचित रह गए।

इस अवसर पर एचएफए पंचकुला से सीमा शर्मा, क्रिड से सुचेता सिंह, बानेसवर सिंह, दीपक कुमार, एवं पुन्हाना नगर पालिका के पार्षद यासर, शंकर पीएमएवाईएम आई एस, लाभार्थी, एसएचजी महिलाएं, छात्र, आदि मौजूद रहे।

लोगों को न्याय से जोडड़े का एक सरल और प्रभावी माध्यम साबित हो रही हेल्पलाइन 15100 : सीजेएम नेहा गुप्ता

-जिला नूंह में प्रभावी रूप से किया जा रहा हेल्पलाइन नंबर-15100 का क्रियान्वयन

अनिल मोहनियां नूंह

जिला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर-15100 का क्रियान्वयन जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूंह सुशील कुमार के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। इस हेल्पलाइन की देखरेख मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूंह नेहा गुप्ता द्वारा की जा रही है। सीजेएम नेहा गुप्ता ने बताया कि न्याय प्रणाली को हर नागरिक के लिए अधिक सुलभ और सुगम बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर-15100 शुरू किया गया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से देशभर के नागरिक किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी या सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए देश के सभी जिलों में इस हेल्पलाइन को लागू किया गया है। किसी भी कानूनी समस्या का सामना कर रहे लोग, चाहे वह किसी भी वर्ग से हों, इस नंबर पर फोन करके निशुल्क कानूनी परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल न्याय व्यवस्था को आम जनता तक पहुंचाने और लोगों को उनकी कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए की गई है। सचिव नेहा गुप्ता ने बताया कि यह सेवा विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं या कानूनी जानकारी प्राप्त करने में असमर्थ हैं। इस हेल्पलाइन नंबर को देश के सभी जिलों में लागू कर दिया गया है,

जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में भी लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से इसे क्रियान्वित किया जा रहा है, जो स्थानीय स्तर पर लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 15100 हेल्पलाइन सेवा लोगों को न्याय से जोड़ने का एक सरल और प्रभावी माध्यम साबित हो रही है, जो बिना किसी जटिल प्रक्रिया के त्वरित कानूनी सलाह और सहायता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ढल को दी जमानत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली अबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मुकदमे में शराब व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल को शुक्रवार को जमानत दे दी। शीर्ष अदालत के इस आदेश से उनके जेल बाहर आने का रास्ता साफ हो गया, क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धन शोधन से संबंधित मुकदमे में उन्हें पहले ही जमानत दे चुका है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की शीर्ष अदालत की पीठ ने ढल की अपील पर जमानत संबंधी यह आदेश पारित किया। पीठ ने जमानत याचिका मंजूर करते हुए कहा, 'इस मामले के लगभग 300 गवाह हैं, जिनसे सीबीआई को पूछताछ करनी है। अभियुक्त डेढ़ साल से हिरासत में है और अधिक हिरासत से कोई भी उद्देश्य पूरा नहीं होगा।' उच्च न्यायालय ने सीबीआई मामले में इस साल चार जून को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय से पहले निचली अदालत ने नौ जून 2023 को सीबीआई मामले में ढल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सीबीआई ने ढल को 18 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। उन पर कथित आबकारी नीति (विवाद के बाद रद्द कर दी गई) घोटाले में शामिल होने का आरोप है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से संबंधित ईडी द्वारा दर्ज धन शोधन के मामले में ढल को 17 सितंबर को जमानत दी थी। इस प्रकार अब उनके जेल से बाहर निकलने का रास्ता साफ हो गया। ढल से पहले कई आरोपियों को दोनों मामले में जमानत मिल चुकी है। उन आरोपियों में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह के अलावा भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा होने वालों में शामिल हैं।

शरजील इमाम की जमानत याचिका पर जल्द हो सुनवाई : न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए दंगों से संबंधित यूएपीए (विधिविरुद्ध क्रियाकलाप रोकथाम अधिनियम) के एक मामले में छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की जमानत याचिका पर फौरन सुनवाई हो। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि वह याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत भी जमानत का अनुरोध किया गया है। इमाम के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने कहा कि जमानत याचिका 2022 से लंबित है। दवे ने कहा कि वह वर्तमान स्तर पर जमानत पर जोर नहीं दे रहे हैं। शीर्ष अदालत ने इस बात पर गौर किया कि उच्च न्यायालय 25 नवंबर को मामले में सुनवाई करेगा। पीठ ने कहा, ''यह संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर की गई रिट याचिका है, इसलिए हम इस पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। हालांकि, याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय से अनुरोध करने की स्वतंत्रता होगी कि वह जमानत याचिका पर यथाशीघ्र संभवतः 25 नवंबर को सुनवाई करे, जैसा कि उच्च न्यायालय ने तय किया है। उच्च न्यायालय उक्त अनुरोध पर विचार करेगा।'' इमाम और कई अन्य लोगों पर फरवरी 2020 के दंगों के पीछे 'बड़ी साजिश' का 'मास्टरमाइंड' होने के आरोप में यूएपीए और भारतीय दंड संहिता के कड़े प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी थी।

मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में दंपति समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और उसकी सास को कथित तौर पर मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान राज कुमार (38), उसकी पत्नी मरियम (25) और उसकी सास परवीन के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से 80 लाख रुपये की कीमत की 378 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सात अक्टूबर को एक व्यक्ति के पास से 274 ग्राम हेरोइन जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी सफीकुल ने राज कुमार का नाम बताया जो कथित तौर पर उसे मादक पदार्थ मुहैया कराता था। उन्होंने बताया कि एक टीम गठित कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ एनडीपीएस (स्वापक औषधि और मन-प्रभावी पदार्थ अधिनियम) के तहत आठ मामले दर्ज हैं।

युवक के सीने में चाकू घोंपने वाला किशोर पकड़ा

नई दिल्ली। तिमारपुर थाना पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में किशोर को पकड़ा है। आरोपियों ने पीड़ित के छाती में दो बार चाकू घोंपे, जिससे वह गिर गया। घायल को पुलिस टीम ने देखा और उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। आरोपी चाकू पीड़ित के सीने में फंसा हुआ छोड़कर फरार होगए थे। पीड़ित का अस्पताल से इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उत्तरी जिला डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि एसीपी डॉ. नीरव पटेल और पंकज तोमर, (इंस्पेक्टर कानून एवं व्यवस्था), इंस्पेक्टर रोहित सारस्वत की देखरेख में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी की जांच की गई। करीब 100 सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद पता चला कि हमलावरों ने वजीराबाद फ्लाईओवर से उसका पीछा किया और तिकोना पार्क तिमारपुर के पास उसे चाकू मार दिया और उसके बाद खबरपास, सिविल लाइंस, आउटर रिंग रोड और वजीराबाद फ्लाईओवर का रास्ता अपनाते हुए मौके से फरार हो गए। गुप्त सूत्रों की भी मदद से पता चला कि एक सीसीएल, जो पहले भी हत्या के एक मामले में शामिल था, घटना के समय से अपने घर से फरार है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। जब उसके घर पर उसकी जांच की गई तो पता चला कि उसने घटना के तुरंत बाद अपना पता बदल लिया है। टीम ने उसे तारा चौक पार्क गांधी विहार, पकड़ लिया। दूसरे साथी की तलाश में छापेमारी की जारी है। गौरतलब है कि आरोपियों ने 16 अक्तूबर को मो. आसिफ, निवासी सदर बाजार, जोकि ट्रॉनिका सिटी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश स्थित अपनी फैक्ट्री से लौट रहे थे। जब वह तिकोना पार्क, तिमारपुर, दिल्ली के पास पहुंचा, इसी बीच पीछे से दो लड़के दोपहिया वाहन पर आए और उसकी पीठ और छाती में दो बार चाकू घोंप दिया, जिससे वह गिर गया। घायल को थाना तिमारपुर की गश्ती टीम ने देखा और उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। आरोपी चाकू पीड़ित के सीने में फंसा हुआ छोड़कर फरार होगए थे।

कनॉट प्लेस में मिली संदिग्ध बैग की सूचना, मॉक ड्रिल का किया आयोजन

नई दिल्ली। त्यौहार के चलते कनॉट प्लेस इलाके में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। नई दिल्ली डीसीपी देवेश कुमार महला ने बताया कि कोई सूचना हो तो तुरंत 112 नंबर पर कॉल करे या नजदीकी थाने में जाकर इसकी सूचना दे। इसके अलावा लोगों के साथ मीटिंग की गई और उन्हें बताया गया कि ऐसे समय में कैसे लोगों की और पुलिस की मदद की जा सकती है। मॉक ड्रिल आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य लोगों के अलावा आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए को जागरूक करना था। दोपहर के समय कनॉट प्लेस डीएलएफ बिल्डिंग में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान डीएलएफ बिल्डिंग में होने की सूचना दी गई। उसके बाद डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां और सुरक्षाकर्मी वहां पर पहुंचे और बैग की जांच की गई उसमें कुछ नहीं मिला। इस दौरान यह लोगों को बताया गया कि सुरक्षा के चलते मॉक ड्रिल का आयोजन किया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने द्वारका में नए सरकारी स्कूल की आधारशिला रखी

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को द्वारका सेक्टर-19 में एक नए सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की आधारशिला रखी और कहा कि इसमें क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ निजी स्कूलों को मात देने वाली सुविधाएं होंगी।

उन्होंने कहा कि 104 कमरों वाले स्कूल भवन में एक एम्फीथिएटर, तीन पुस्तकालय, बास्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट के अलावा अन्य सुविधाएं होंगी, जिनमें लगभग 2000 से 2500 स्कूली बच्चों के लिए सुविधाएं होंगी।

आतिशी ने कहा कि पहले सरकारी स्कूलों की पहचान बदबूदार शौचालयों, फर्श पर चटाई पर बैठने वाले छात्रों और शिक्षकों की कमी से होती थी। लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं भेजना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि हालांकि 2015 में एक चमत्कार हुआ और लोगों ने 'पांच फुट पांच इंच के आदमी' अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया।

उन्होंने कहा, 'केजरीवाल ने कहा कि सभी बच्चों को (चाहे वे गरीब या अमीर परिवार में पैदा हुए हों) सर्वोत्तम शिक्षा और भविष्य के अवसर प्रदान किए जाएंगे।'

आतिशी ने कहा कि 2015 में आप के सत्ता में आने के बाद शिक्षा बजट दोगुना कर दिया गया और यह कुल आवंटन का 25 प्रतिशत हो गया। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी अन्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में इतना पैसा खर्च नहीं किया है।

नड्डा ने दोहरायी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत करने और सर्वसुलभ कराने की प्रतिबद्धता

नई दिल्ली(एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और सभी के लिए सुलभ कराने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य सेवा को एक समग्र दृष्टिकोण में बदल दिया जो निवारक, एकीकृत और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है।

श्री नड्डा ने शुक्रवार को यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के चिकित्सा संस्थान 'यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेस' (यूसीएमएस) के 53वें स्थापना दिवस और दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बुनियादी शिक्षा हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है, लेकिन व्यावसायिक शिक्षा एक विशेषाधिकार है जो समाज केवल कुछ

लोगों को देता है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र के लिए 30-35 लाख रुपये खर्च करती है। उन्होंने नए डॉक्टरों से अपने पेशेवर करियर की शुरुआत करते समय अधिक जिम्मेदारियां उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने छात्रों से अपने काम को करुणा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने का आग्रह किया। उन्होंने देश में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुलभ हों। उन्होंने कहा, 'आपके प्रयास 'विकसित भारत' के हमारे राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आकार देने पर केंद्रित होने चाहिए।' श्री नड्डा ने वर्ष 2017 में केंद्र सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में किए गए बदलावों के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि स्वास्थ्य सेवा को केवल उपचारात्मक दृष्टिकोण से देखने के बजाय समग्र दृष्टिकोण से देखा जाता है, जो निवारक, एकीकृत और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है।

प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 1295 अधिकारियों की 372 सर्विलेंस टीमें बनाई गई है : मेयर

-ओपन बायोमास बर्निंग और सड़कों पर उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने पर फोकस करने की जरूरत :

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने शुक्रवार को डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ प्रदूषण को लेकर एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति के मद्देनजर दिल्ली नगर निगम द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि सितंबर माह के बाद हर साल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। पिछले कुछ दिनों में एयर क्वालिटी इंडेक्स में भी इजाफा हुआ है। मेयर ने कहा कहा कि कुछ दिन पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री सुश्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने विभिन्न विभागों और एजेंसी के अधिकारियों के साथ एक हाई लेवल मीटिंग की थी और चर्चा की थी कि कैसे दिल्ली का प्रदूषण नियंत्रित किया जाए।

मेयर ने कहा कि दिल्ली सरकार और नगर निगम प्रदूषण को कम करने के लिए हर जरूरी कदम उठाते हैं। दिल्ली में सबसे

बड़ी चिंता का विषय एयर पॉल्यूशन और डस्ट पॉल्यूशन है। इससे निपटने के लिए हमें अवैध सीएंडडी डंपिंग, ओपन बायोमास बर्निंग और सड़कों पर उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने पर फोकस करने की जरूरत है। मेयर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम हर साल बहुत सारे ऐसे कदम उठाता है जिससे प्रदूषण को कंट्रोल किया जा सके। दिल्ली नगर निगम ने इस बार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 372 सर्विलेंस टीमें बनाई है जिसमें 1295 अधिकारी डे और नाइट शिफ्ट में काम कर रहे हैं। एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में कुल 15500 किलोमीटर सड़कें आती हैं जिसमें 57000 सफाई कर्मचारी मैनुअल स्वीपिंग करते हैं। इसके साथ ही, 52 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें भी तैनात की गई हैं। 195 वॉटर स्प्रिंकलर और जैटिंग मशीनों को तैनात किया गया है। वहीं, डीपीसीसी द्वारा चिन्हित स्थलों पर 30 एंटी स्मॉक गन तैनात की गई हैं।

मेयर डॉ. ओबरॉय ने आगे कहा कि डीपीसीसी द्वारा चिन्हित हॉटस्पॉट स्थलों की जोनल डिप्टी कमिश्नर द्वारा सख्ती से निगरानी की जा रही है। डीपीसीसी के वेब पोर्टल पर रजिस्टर 612 स्थलों की भी नियमित निगरानी की जा रही है। एमसीडी के 106 मलबा निपटान स्थलों में से 55 स्थलों की बैरिकेडिंग की गई है। वहां से उठने वाले मलबे का भी वैज्ञानिक पद्धति से निपटान किया जा रहा है। मेयर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा इस बार पहले के मुकाबले अधिक सड़कों को रिपेयर किया गया है। साथ ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जीरो आरए एज पीज से संबंधित दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। अगर कोई व्यक्ति जीरो आर ज़ए पीज के नियमों का पालन नहीं करेगा तो उनका चालान भी किया जा सकता है। मेयर ने कहा कि हमने सीएनडी प्लांट, एसएलएफ और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट्स पर 20 स्मॉक गन लगाए गए हैं। 32 स्मॉक गन ऊंची इमारतों पर लगाए गए हैं। कंस्ट्रशन साइट पर भी स्मॉक गन लगाए गए हैं।

मेयर ने कहा कि प्रदूषण को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार और नगर निगम की है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से दिल्ली की जनता से अपील की, कि प्रदूषण नियंत्रित के लिए किए जा रहे प्रयसों में जनता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले ताकि सबकी सेहत का ख्याल रखा जे सके। उन्होंने यह भी अपील की कि अभी दिवाली आने वाली है, इस मौके पर पटाखे ना जलाए और ओपन बर्निंग ना करें ताकि दिल्ली वाले साफ सुथरी हवा में सांस ले सके। डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल ने भी नागरिकों से प्रदूषण के विरुद्ध लड़ाई में सहयोग करने की अपील की ताकि दिल्ली को बीमारियों से बचाया जा सके।

दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा हर साल 'श्रेष्ठ कीर्तनकार' पुरस्कार देने की घोषणा

नई दिल्ली (एजेंसी)। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज रागों पर आधारित गुरबाणी की संभाल के विषय में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने घोषणा की है कि वह श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज रागों के आधार पर कीर्तन करने वाले कीर्तनियों को %श्रेष्ठ कीर्तनकार% का पुरस्कार देगी। इसमें 11 लाख रुपये की राशि होगी और साथ ही पाँच अन्य कीर्तनियों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्हें 51-51 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों और धर्म प्रचार अध्यक्ष जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया कि उन्होंने दुनिया भर में कीर्तन सेवा निभा रहे कीर्तनियों का डेटा इकट्ठा करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसके कोऑर्डिनेटर गुरुद्वारा बंगला साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी रणजीत सिंह होंगे। इस कमेटी में सिंह बंधु सुरिंदर सिंह, डॉ. जगीर सिंह, डॉ. कुलतार सिंह, भाई गुरमीत सिंह शांत, भाई बलदीप सिंह, प्रिंसिपल सुखवंत सिंह, भाई मनोहर सिंह, प्रो. दलबीर सिंह, भाई मनिंदर सिंह, डॉ. गुरिंदर सिंह और डॉ. गुरनाम सिंह शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह कमेटी हर साल 'श्रेष्ठ कीर्तनकार' पुरस्कार के लिए सिफारिश करेगी और दुनिया भर में रागों पर आधारित कीर्तन करने वाले कीर्तनकारों का विवरण इकट्ठा करेगी, जिसे एक कॉफी टेबल बुक में प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में यह देखा जा रहा है कि कई कीर्तनकार रागों के आधार पर कीर्तन न करके अन्य धुनों के अनुसार कीर्तन कर रहे हैं और इसका व्यावसायीकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए समय की बड़ी आवश्यकता है कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज रागों पर आधारित गुरबाणी की कीर्तन की संभाल की जाए, ताकि युवा पीढ़ी को भी इस गुरसिखी परंपरा से परिचित कराया जा सके।

भाजपा नेता ने बस मार्शलो को पक्का करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

नई दिल्ली। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली की मुख्यमंत्री को बस मार्शलों को पक्का करने की मांग को लेकर के पत्र लिखा। उन्होंने बताया कि मैंने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर बस मार्शलों को पक्का करने की मांग की है और तीन सदस्यीय कमेटी का गठन तुरंत करने के लिए कहा है। विजेंद्र गुप्ता ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 27 सितंबर को विधानसभा में बस मार्शलों को पक्का करने के लिए मांग उठाई थी और प्रस्ताव पारित किया गया था। पांच अक्टूबर को भाजपा विधायक दल मुख्यमंत्री से मिला था और मार्शलों को पक्का करने की प्रक्रिया को शुरू करने के लिए कहा था और उसी दिन उपराज्यपाल के साथ मीटिंग भी हुई जिसमें मैं और मुख्यमंत्री आतिशी मौजूद थी और वहीं तय हुआ कि बस मार्शलों को पक्का करने के लिए मुख्यमंत्री फाइनेंस, एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स और ट्रांसपोर्ट विभाग के तीन उच्च अधिकारियों की कमेटी का गठन करेंगी जो मार्शलों की नियमितीकरण के लिए रोडमैप तैयार करेगी। उन्होंने बताया कि मैंने दस अक्टूबर को आतिशी को पत्र लिखा और कहा कि आपने अभी तक तीन सदस्यीय कमेटी नहीं बनाई है उसे जल्द बनाइये परंतु उसके बाद भी कमेटी नहीं बनाई। आगे गुप्ता ने कहा कि 24 अक्टूबर को उपराज्यपाल ने पत्र लिखा और आतिशी को यह याद दिलाया कि आपने इस मामले में कमेटी गठित नहीं की है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री आतिशी तुरंत कमेटी का गठन नहीं करेंगी और नियमितीकरण की प्रक्रिया को शुरू नहीं करेंगी तो भाजपा इस पर आंदोलन चलाएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में गुरूवार को प्रदूषण की रोकथाम के लिए बस मार्शलो को एक नवंबर से चार महीने के लिए नियुक्त किया गया है।

स्कूल के लिए निकली 12 साल की लड़की हुई लापता, पुलिस ने परिजनों से मिलाया

-कई माह से चल रहा है इलाज, मानसिक संतुलन नहीं है ठीक

नई दिल्ली। सदर बाजार पुलिस टीम ने एक 12 वर्षीय लापता लड़की को कुछ ही घंटों में उसके परिवार से मिलवाया। परिजनों ने इस कार्रवाई और प्रतिक्रिया के लिए पुलिस टीम का बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। उत्तरी जिला डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि थाना प्रभारी सदर बाजार की देखरेख में डब्लू/एसआई दीपिका व अन्य की टीम को गश्त के दौरान, बारा टूटी चौक के पास पहाड़ी धीरज के पास देखा कि लगभग 12 साल की एक नाबालिग लड़की स्कूल यूनिफॉर्म में उस इलाके में अकेली घूम रही थी। इसलिए, गश्त करने वाली टीम ने लड़की से उसकी उपस्थिति के बारे में पूछा, जो अपनी उपस्थिति और पहचान के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी, क्योंकि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। टीम गुमशुदा लड़की को लेकर सदर बाजार के बस्ती हरफूल सिंह इलाके में पहुंची, जहां मुमरेज नामक व्यक्ति उनसे मिला, जिसने गुमशुदा लड़की को अपनी भतीजी बताया। इसके बाद, गुमशुदा लड़की के पिता को बिहार में उसकी पहचान के लिए वीडियो कॉल किया गया। इसके अलावा, स्कूल रिकॉर्ड से भी उसकी पहचान की गई। लड़की के चाचा ने बताया कि आज वह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन उसकी हालत ठीक न होने के कारण वह क्लास में शामिल होने के लिए नहीं पहुंच पाई। उसका कई माह से मानसिक इलाज चल रहा है। गुमशुदा लड़की को सुरक्षित रूप से उसके चाचा के पास ऑपरेशन मिलाप के तहत पहुंचाया गया।

ड्रोन के जरिए 120 मीटर की ऊंचाई से होगी निगरानी

नई दिल्ली। राजधानी में प्रदूषण के हॉटस्पॉट वाली जगहों की निगरानी ड्रोन कैमरों से होगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि 120 मीटर की ऊंचाई से ड्रोन कैमरे 200 मीटर की परिधि में प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों की जानकारी जुटाएंगे। दिल्ली के तेरह प्रदूषण हॉट स्पाट में वजीरपुर को भी शामिल किया जाता है। शुक्रवार की सुबह इस क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ड्रोन के जरिए पूरे इलाके में प्रदूषण की मैपिंग करने की क्रियाविधि का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर पर्यावरण मंत्री राय ने कहा कि दिल्ली के तेरह हॉट स्पाट पर प्रदूषण का स्तर सामान्य से ज्यादा रहता है। इन जगहों पर प्रदूषण के कारकों को प्रबावी ढंग से कम करने के लिए सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा सूचीबद्ध एजेंसी से ड्रोन मैपिंग कराए जाने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए आधुनिक तकनीक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग किया जाना चाहिए। राय ने बताया कि यह ड्रोन 120 मीटर की ऊंचाई से 200 मीटर की परिधि में प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों की जानकारी पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी को भेजेगा। इन दोनों ही विभागों के इंजीनियर इसका विश्लेषण करके रिपोर्ट तैयार करेंगे ताकि इस आधार पर ज्यादा प्रभावी कदम उठाए जा सकें। राय ने कहा कि अगर यह पायलट परियोजना सफल रहती है तो अन्य हॉट स्पाट पर भी इसे लागू किया जाएगा। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि वायु प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने में ड्रोन मैपिंग तकनीक महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। उन्नत सेंसर से लैस ड्रोन भीड़-भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और ऐसी जगहों पर भी पहुंचने में सक्षम है जहां तक पारंपरिक तरीकों से निगरानी करना मुश्किल होता है। ड्रोन के जरिए एकत्र किया गया डाटा प्रदूषक स्रोतों की सटीक पहचान करेगा और इससे लक्षित कार्रवाई संभव होगी।

अश्लील सामग्री प्रसारित करने के खिलाफ खोला मोर्चा, सख्त कानून की उठाई मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री प्रसारित करने के खिलाफ सेव कल्चर सेव भारत फाउंडेशन ने शुक्रवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। फाउंडेशन के संस्थापक उदय महुरकर ने नेटफ्लिक्स, स्नैप और ट्विटर के खिलाफ यौन स्पष्ट सामग्री प्रसारित करने के आरोप में कानूनी कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में इन प्लेटफॉर्म के जरिए यौन उत्पीड़न के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

उदय महुरकर ने कहा कि पिछले 3 महीने में सात मामले भाइयों ने बहनों के बलात्कार, 2 मामले पिता द्वारा पुत्री के बलात्कार, और 1 व्यक्ति द्वारा अपनी मां के साथ बलात्कार के दर्ज किए गए हैं, जिनका संबंध पोर्नोग्राफी देखने से है। इस दौरान माहूरकर ने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाया है कि नेटफ्लिक्स, एएलटीटी और एक्स के खिलाफ शिकायत से दिल्ली पुलिस ने इंकार कर दिया है।

फाउंडेशन ने की सख्त कानून की मांग

महुरकर ने बताया कि सितंबर 2024 में फाउंडेशन ने एक जनसुनवाई का आयोजन किया, जिसमें 100 से अधिक पीड़ित और उनके परिवार यौन हिंसा की शिकायत लेकर आए। जनसुनवाई के दौरान 200 से अधिक महिलाओं ने गवाही दी कि उनकी दुर्दशा का कारण इन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध अश्लील सामग्री रही है। उदय महुरकर ने अश्लील सामग्री प्रसारित करने के खिलाफ सख्त कानून की मांग की है। इसमें 10-20 साल की सजा और कम से कम तीन साल तक जमानत न देने का प्रावधान हो। माहूरकर ने कहा, 'इस तरह की सामग्री से होने वाला नुकसान किसी भी विदेशी आक्रमण से अधिक है। अगर हम इस पर सख्त कार्रवाई नहीं करते, तो हम अपनी सांस्कृतिक पहचान खो देंगे।'

मनोरंजन के नाम पर सांस्कृतिक खत्म

इस कड़ी में गेम्स ऑफ बॉलीवुड के संस्थापक संजीव नेवर ने कहा, 'हम देख रहे हैं कि मनोरंजन के नाम पर हमारी सांस्कृतिक मूल्य समाप्त हो रहे हैं। इस तरह की सामग्री न केवल

व्यक्तियों बल्कि पूरे समाज के लिए हानिकारक है। विनीत जिंदल ने कहा, 'ऐसे कानूनों की आवश्यकता है, जो न केवल उत्पादकों बल्कि वितरकों को भी हतोत्साहित करें। अगर हमें एक सुरक्षित और सम्मानजनक समाज बनाना है, तो शून्य-सहिष्णुता नीति ही एकमात्र उपाय है।'

आर्थिक चुनौतियों और प्रौद्योगिकी बदलावों को देखते हुए नौकरियां सबसे बड़ी वैश्विक समस्याः सीतारमण

- विश्व बैंक से रोजगार सृजन करने वाले उच्च प्राथमिकता के कौशल क्षेत्रों की पहचान करने के लिए देशों के साथ सहयोग करने का आह्वान किया

वाशिंगटन ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार सृजन को सबसे बड़ा वैश्विक मुद्दा बताते हुए, विश्व बैंक से रोजगार सृजन करने वाले उच्च प्राथमिकता के कौशल क्षेत्रों की पहचान करने के लिए देशों के साथ सहयोग करने का आह्वान किया।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक खाते पर जानकारी दी। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि निरंतर आर्थिक चुनौतियों और तेजी से हो रहे प्रौद्योगिकी बदलावों को देखते हुए नौकरियां सबसे बड़ी वैश्विक समस्या बनी हैं, जो युवाओं के लिए नौकरी बाजार में प्रवेश करने के वास्ते आवश्यक कौशल को पुनर्परिभाषित कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने इससे पहले क्षेत्रीय रुझानों तथा रोजगार पर उनके संभावित प्रभाव पर कई अध्ययन किए हैं। इनमें 'हरित नौकरियां', कृत्रिम मेधा के चलन में आने के बाद नौकरियां और बदलती जनसांख्यिकी के कारण बदलाव जैसे क्षेत्र आदि विषयों पर अध्ययन किए गए। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समय की मांग है कि अधिक व्यापक, बहु-क्षेत्रीय विश्लेषण किया जाए। इसमें इस बात पर गौर किया जाए कि उभरते रुझान किस प्रकार परस्पर क्रिया करते हैं और कैसे नौकरी छूटने तथा नौकरी सृजन दोनों को प्रभावित करते हैं।

वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में विश्व बैंक से आग्रह किया कि वह डेटा, विश्लेषण तथा ज्ञान कार्य के आधार पर उच्च प्राथमिकता वाले कौशल क्षेत्रों की पहचान करने में देशों के साथ सहयोग करे, जिसमें रोजगार सृजन, कौशल मिलान और श्रम बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों में हिस्सा लेने के लिए वर्तमान में अमेरिकी राजधानी में मौजूद सीतारमण ने ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की।

चाय की चुस्कियां के साथ तेल-साबुन भी होगा महंगा

कीमत बढ़ाने की तैयारी में हिंदुस्तान यूनिलीवर

नई दिल्ली ।

सुबह की चाय की चुस्कियां अब जल्द ही महंगी होने वाली हैं। देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर अपने कुछ उत्पादों की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी के कमोडिटी बास्केट में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले कच्चे पाम ऑयल और चाय में महंगाई देखी जा रही है। जानकारी के मुताबिक उच्च कमोडिटी महंगाई से जूझ रही देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी कुछ राहत के लिए पाम आयल और चाय से बनने वाले उत्पादों की रिटेल कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती है। हाल ही में हुई पोस्ट-अर्निंग्स प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि दिसंबर तिमाही में त्वचा की सफाई वाले प्रोडक्ट और चाय की कीमतें क्रमबद्ध तरीके से बढ़ाई जाएंगी। इनमें से कुछ मूल्यवृद्धि पहले से ही बाजार में लागू हो चुकी हैं और शेष तिमाही के बाकी हिस्सों में लागू होंगी। लंबे समय तक स्थिर रहने के बाद, कच्चे पाम ऑयल और चाय की कीमतों में क्रमशः 10 और 25 फीसदी साल-दर-साल महंगाई दर्ज की गई है। अधिकारी ने यह भी बताया कि तीसरी तिमाही में मूल्य वृद्धि, मात्रा वृद्धि से अधिक रहने की संभावना है. सितंबर तिमाही के दौरान एचयूएल का मुनाफा 2,717 करोड़ रुपये से घटकर 2,612 करोड़ रुपये हो गया, जो कि लगभग 4 फीसदी की गिरावट है। हालांकि, कंपनी की कुल बिक्री दूसरी तिमाही में 15,319 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जो सालाना आधार पर 1.9 फीसदी की मामूली वृद्धि है। शहरी बाजारों में धीमी खपत ने कुल वृद्धि को प्रभावित किया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सुधार देखने को मिला। एचयूएल ने दूसरी तिमाही में 3 फीसदी की अंतर्निहित मात्रा वृद्धि और 2 फीसदी की अंतर्निहित बिक्री वृद्धि दर्ज की।

आईपीईएफ सदस्य देशों के बीच कारोबार पर चर्चा को लेकर भारत की नजरः अधिकारी

- सदस्य देश अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए कर रहे हैं बातचीत

नई दिल्ली।

भारत तेरह सदस्यीय आईपीईएफ देशों की व्यापार वार्ता पर नजर रखे हुए है। एक अधिकारी ने यह बात कही। भारत को अभी औपचारिक रूप से इसमें शामिल होना बाकी है। आईपीईएफ को 23 मई को टोक्यो में अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य भागीदार देशों ने संयुक्त रूप से गठन किया था। 14 आईपीईएफ भागीदारों की वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 40 प्रतिशत और वैश्विक वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

व्यापार, आपूर्ति व्यवस्था, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था से संबंधित चार स्तंभों के इर्द-गिर्द रूपरेखा को तैयार किया गया है। भारत व्यापार भाग को छोड़कर तीन खंडों में शामिल हो गया है। सदस्य देश इन विषयों पर अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था (कर और भ्रष्टाचार विरोधी जैसे मुद्दे) पर समझौते पर 14 सदस्य देश पहले ही हस्ताक्षर कर चुके हैं। अधिकारी ने कहा, हम अंतिम नतीजों का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि स्पष्ट बाजार पहुंच प्रावधानों के बिना व्यापार खंड में बाध्यकारी प्रतिबद्धताएं हैं। कई क्षेत्रों में विवाद का निपटारा होने जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारुस्सलाम, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपीन, सिंगापुर, थाइलैंड, अमेरिका और वियतनाम इसके सदस्य हैं। भारत का पहले से ही आसियान के साथ वस्तु व्यापार में मुक्त व्यापार समझौता है। इसके सदस्यों में सातज ब्रुनेई दारुस्सलाम, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपीन, सिंगापुर, वियतनाम और थाइलैंडआईपीईएफ देश शामिल हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ इस प्रकार का समझौता है। ऐसे में भारत को व्यापार खंड में शामिल होने से संभवतः ज्यादा लाभ नहीं होगा। तेरह आईपीईएफ सदस्यों के बीच बातचीत अभी खत्म नहीं हुई है और प्रमुख मुद्दों पर भागीदार देशों के बीच मतभेद हैं।

पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा, कई राज्यों में बढ़े भाव

- तेल कंपनियों ने जारी की पेट्रोल-डीजल की नई दरें

नई दिल्ली।

भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। वहीं यूपी हो या दिल्ली, सब जगह पेट्रोल डीजल के भाव अलग होते हैं। ऐसे ही तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक देश के कुछ शहरों में पेट्रोल और डीजल सस्ता हो गया है, जबकि कई शहरों में इनकी कीमतें बढ़ गई हैं। तो वही कुछ ऐसे राज्य भी जहां पेट्रोल-डीजल के कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं अगर राज्य स्तर पर पेट्रोल-डीजल के भाव की बात करें तो शुक्रवार को बिहार में पेट्रोल 14 पैसे बढ़कर 107.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 13 पैसे बढ़कर 94.02 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। यूपी में पेट्रोल 30 पैसे बढ़कर 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 34 पैसे बढ़कर 87.87 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। जबकि, महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 25 पैसे घटकर 107.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 54 पैसे घटकर 90.96 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये

और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल 100.98 रुपये और डीजल 92.56 रुपये प्रति लीटर है।

एफएसएनएल की बिक्री के लिए जापानी कंपनी के साथ समझौता संपन्न

- सरकार को एफएसएनएल की बिक्री के लिए दो तकनीकी रूप से योग्य वित्तीय बोलियां मिली थी

नई दिल्ली । एमएसटीसी ने फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) के रणनीतिक विनिवेश के लिए कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड के साथ शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए। पिछले महीने सरकार ने एफएसएनएल को 320 करोड़ रुपये में जापानी कंपनी कोनोइक ट्रांसपोर्ट के हाथों बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के एक अधिकारी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एफएसएनएल के रणनीतिक विनिवेश के लिए एमएसटीसी लिमिटेड ने कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड के साथ शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह लेनदेन अब अंतिम चरण में है। इस्पात मंत्रालय के तहत संचालित एफएसएनएल, एमएसटीसी लिमिटेड के 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। सरकार को एफएसएनएल की बिक्री के लिए दो तकनीकी रूप से योग्य वित्तीय बोलियां मिली थी। दूसरी बोली इंडिक जियो रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड की थी। कोनोइक की तरफ से लगाई गई 320 करोड़ रुपये की बोली सरकार द्वारा निर्धारित 262 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य से अधिक थी। कोनोइक ट्रांसपोर्ट, टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनी है। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड को इस्पात मिल सेवाएं देने के लिए 28 मार्च, 1979 को गठित किया गया था।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.08 पर बंद हुआ रुपया

मुंबई । रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.08 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद एक पैसे की गिरावट के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के बराबर है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 104.20 पर रहा।

एडीबी असम में सौर ऊर्जा सुविधा के लिए 43.425 करोड़ डॉलर का ऋण देगा

- असम को अपनी सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी

नई दिल्ली । एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने असम में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने तथा ऊर्जा सुरक्षा में सुधार के लिए 43.425 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 3,600 करोड़ रुपये) के ऋण को मंजूरी दी है। एडीबी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि बढ़ती मांग को पूरा करने तथा जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए असम में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की कमी को दूर करना महत्वपूर्ण है। इससे असम को अक्षय ऊर्जा ढांचा विकसित करने और 2030 तक 3,000 मेगावाट के अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपनी सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया कि एडीबी राज्य के सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) ढांचे को मजबूत कर अक्षय ऊर्जा में निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने में मदद करेगा। असम सौर परियोजना कार्बी आंगलोंग जिले में 500 मेगावाट की क्षमता के साथ ग्रिड से जुड़ी सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सुविधा का निर्माण करेगी। इससे ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करने तथा अधिकतम बिजली मांग को पूरा करने के लिए ग्रिड से जुड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के विकास का समर्थन किया जाएगा। साथ ही यह राशि ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करने तथा अधिकतम बिजली मांग को पूरा करने के लिए ग्रिड से जुड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के विकास का समर्थन करेगी।

दिवाली तक गिफ्ट पर खर्च होंगे 1.85 लाख करोड़ः सर्वे

- ऑनलाइन खरीदारी में हो रही दोगुनी बढ़ोतरी

नई दिल्ली । त्योहारी सीजन में उपहारों का लेनदेन सर्वाधिक रहने की उम्मीद है। इसका असर बिक्री के आंकड़ों पर भी दिख रहा है। एक सर्वे के मुताबिक दिवाली तक सिर्फ शहरी भारतीय चॉकलेट, बेकरी, मिठाइयों और अन्य उपहारों की खरीदारी 1.85 लाख करोड़ रुपये खर्च करेंगे। सितंबर से अब तक लोग 1.2 लाख करोड़ के उपहार खरीद चुके हैं। इसके साथ ही सर्वे में दावा किया गया है कि दुकान से उपहार खरीदने के साथ ऑनलाइन खरीदारी में भी तेजी दिख रही है। त्योहारी ऑफर की वजह से 36 फीसदी लोग ऑनलाइन उपहार खरीद रहे हैं। यह सर्वे 314 जिलों के 31,000 शहरी परिवारों से बातचीत पर आधारित है। उपहार खरीदने की आदतों पर सर्वे में कहा गया है कि 53 फीसदी शहरी लोग स्थानीय बाजारों में जाकर खुद जाकर गिफ्ट खरीदते हैं। वहीं, 21 फीसदी लोग ऑनलाइन खरीदारी करते हैं। हालांकि, दोनों अपने-अपने रिश्तेदारों या दोस्तों के घर खुद जाकर उपहार देना पसंद करते हैं। सिर्फ 15 फीसदी लोग ही ऑनलाइन खरीदारी कर रिश्तेदारों या दोस्तों के घर के पते पर डिलीवरी करा रहे हैं।

एलटी फूड्स का दूसरी तिमाही का मुनाफा घटकर 150.6 करोड़ हुआ

- बीते कंपनी का मुनाफा 157.26 करोड़ रुपए रहा

नई दिल्ली । एलटी फूड्स लिमिटेड का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 4.22 प्रतिशत घटकर 150.61 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 157.26 करोड़ रुपये रहा था। एलटी फूड्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 6.57 प्रतिशत बढ़कर 2,107.78 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,977.78 करोड़ रुपये थी। एलटी फूड्स का कुल खर्च सितंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत बढ़कर 1,942.91 करोड़ रुपये रहा है। एलटी फूड्स लिमिटेड चावल के दावत और रॉयल ब्रांड की मूल कंपनी है। एलटी फूड्स की कुल आमदनी (अन्य आय मिलाकर) सितंबर तिमाही में 7.14 प्रतिशत बढ़कर 2,134.04 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि बाहरी माहौल में व्यवधान, विशेष रूप से लाल सागर संकट के बावजूद, एलटी फूड्स मजबूत रही और इस तिमाही में निरंतर वृद्धि दर्ज की।

भारत में 2024 में कंप्यूटिंग क्षमता 20 गुना बढ़ेगीः एनवी डिया सीईओ

- जल्द ही प्रभावशाली एआई समाधानों का निर्यात करेगा

मुंबई । एनवीडिया के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सेन हुआंग ने कहा कि विश्व के कंप्यूटर उद्योग के लिए 'प्रिय' भारत में 2024 में कंप्यूटिंग क्षमता में 20 गुना वृद्धि होगी और वह जल्द ही प्रभावशाली एआई समाधानों का निर्यात करेगा। एनवीडिया एआई शिखर सम्मेलन 2024 में हुआंग ने भारत में अपने परिवेश तंत्र के विस्तार के लिए एनवीडिया की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व के कंप्यूटर उद्योग के लिए बहुत प्रिय है, आईटी उद्योग के लिए केन्द्रीय स्थान है तथा विश्व की लगभग प्रत्येक कंपनी की आईटी के केन्द्र व मूल में है। सीईओ हुआंग ने कहा कि भारत में एनवीडिया का परिवेश तंत्र बेहद समृद्ध है। भारत में 2024 तक कंप्यूटिंग क्षमताओं में 20 गुना वृद्धि देखी जाएगी। हुआंग ने कहा कि परंपरागत रूप से सॉफ्टवेयर निर्यात का केंद्र रहा भारत, भविष्य में एआई निर्यात में अग्रणी बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत ने सॉफ्टवेयर का निर्यात किया है; भविष्य में भारत एआई का निर्यात करेगा। हुआंग ने इस बात जोर दिया कि देश अब सॉफ्टवेयर उत्पादन के लिए एक बैक ऑफिस से एआई विकास तथा वितरण में एक पावरहाऊस बनने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने सॉफ्टवेयर उत्पादन के लिए एक बैक ऑफिस बनने पर ध्यान केंद्रित किया, इसकी अगली पीढ़ी एआई का उत्पादन तथा वितरण करने वाली होगी। यह नाटकीय रूप से अधिक प्रभावशाली होगा।

लाल निशान से नहीं उबरा बाजार.....

लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार में गिरावट थम नहीं रही है। विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बीच शेयर बाजार में कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को गिरावट दिखाई दी। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को बढ़त के साथ खुला। हालांकि, थोड़ी ही देर बाद बाजार लाल रंग में फिसल गया । अंत में सेंसेक्स 662.87 अंक की गिरावट लेकर 79,402.29 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 (निफ्टी-50) भी 218.60 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 24,180.80 अंक पर बंद हुआ।

शुक्रवार को बाजार में सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 18.56 प्रतिशत लुढ़क कर बंद हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंड टी, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट, टाटा स्टील, मारुति, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एसबीआई और टाटा मोटर्स के शेयर प्रमुख रूप से लाल निशान पर बंद हुए । जबकि दूसरी तरफ, बाजार में गिरावट के बावजूद आईटीसी का शेयर 2.17 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ । इसके साथ ही एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सनफार्मा, कोटक बैंक, एचसीएल टेक, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक और नेस्ले इंडिया के शेयर हरे निशान में बंद हुए।

बीते एक माह में 5,767 अंक गिरा सेंसेक्स

पिछले एक महीने में बीएसई सेंसेक्स में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। 25 सितंबर, 2024 को सेंसेक्स 85,169.87 अंक के स्तर पर था और शुक्रवार को यह 79,402.29 पर बंद हुआ । तब से अब तक सेंसेक्स 6.77 प्रतिशत गिर चुका है। वहीं, पिछले एक सप्ताह में सेंसेक्स 1,626.89 अंक गिरा है। पिछले पांच ट्रेडिंग

सेशन में बीएसई सेंसेक्स 2.01 प्रतिशत गिर चुका है।

बाजार जानकारों के मुताबिक भारतीय बाजारों में तेज गिरावट का मुख्य कारण विदेशी निवेशकों बिक्री है। इसके अलावा भारतीय कंपनियों, विशेष रूप से कंज्यूमर से जुड़े क्षेत्रों और वित्तीय कंपनियों के निराशाजनक तिमाही नतीजों से भी बाजार में गिरावट दिख रही है।

बैंकिंग सेक्टर लाल निशाने में

बैंकिंग सेक्टर के शेयरों, खासकर सरकारी बैंकों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट दिखाई दी। निफ्टी बैंक इंडेक्स 2.1 प्रतिशत गिरकर 50,440.6 के स्तर तक पहुंच गया । इस गिरावट की मुख्य वजह इंडसइंड बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरों में दबाव रहा ।

इंडसइंड बैंक के शेयरों में 20 प्रतिशत तक की भारी गिरावट आई, जबकि अन्य बैंकिंग शेयरों में 4 से 6 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, फेडरल बैंक, एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयरों में भी 2.6 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

पिछले 8 वर्षों में डीबीटी से 459 बिलियन डॉलर से अधिक ट्रांसफर किएः निर्मला सीतारमण

- डिजिटल पहल को पारदर्शिता और दक्षता में सुधार करने में एक शानदार सबक बताया

नई दिल्ली ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के फिलाडेल्फिया में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन बिजनेस स्कूल में बोलते हुए डीबीटी के साथ भारत की उपलब्धियों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से लोगों को 450 बिलियन डॉलर से अधिक ट्रांसफर किए गए हैं। केंद्र सरकार के 51 से अधिक मंत्रालय और विभाग प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से पटते हैं। पिछले 8 वर्षों में संचयी रूप से 450 बिलियन डॉलर से अधिक ट्रांसफर किए गए हैं। उन्होंने डिजिटल सिस्टम के माध्यम से लोगों को सीधे कल्याणकारी लाभ पहुंचाने में भारत द्वारा हासिल की गई जोरदार सफलता पर जोर दिया। ये ट्रांसफर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा हैं जिनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी सहायता बिना बिचौलियों या लीकेज के लोगों तक पहुंचे। सीतारमण ने यह भी बताया कि डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल से सरकार चोरी और धोखाधड़ी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सक्षम हुई है। सीतारमण ने कहा कि 8 वर्षों में लगभग 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की चोरी होने से बचाई गई है। भारत का यह डिजिटल अनुभव चोरी, धोखाधड़ी वाले लेन-देन और भूत खाताधारकों को कम करने में एक शानदार सबक है। उन्होंने इन बचतों के लिए भूत खातों और धोखाधड़ी वाले लेन-देन को खत्म करने का श्रेय दिया, करदाताओं के पैसे को संभालने के मामले में जवाबदेही के महत्व को रेखांकित किया। वित्त मंत्री ने इस डिजिटल पहल को पारदर्शिता और दक्षता में सुधार करने में एक शानदार सबक

बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि हर रुपए का सही हिसाब हो, जिससे दुरुपयोग को रोका जा सके और सार्वजनिक धन का जिम्मेदाराना उपयोग बढ़ाया जा सके।

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने गुरुग्राम में 7.5 एकड़ जमीन खरीदी

- 5,500 करोड़ रुपये किए खर्च, एक लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करेगी

नई दिल्ली । रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज ने गुरुग्राम में 5,500 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षमता वाली एक लक्जरी आवासीय

परियोजना विकसित करने के लिए 7.5 एकड़ जमीन खरीद ली है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह गुरुग्राम में गोल्फ कोर्स रोड पर एक लक्जरी ग्रुप हाउसिंग भूखंड के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी है। इसकी राजस्व क्षमता 5,500 करोड़ रुपये से अधिक है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक 11 नए भूखंडों का अधिग्रहण किया है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) बाजार में हमारी परियोजनाओं की मजबूत मांग देखी गई है, जो हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर जताए गए भारी भरोसे को दर्शाता है।

पुणे टेस्ट : स्पिनरों की चुनौती का सामना नहीं कर सका भारत, न्यूजीलैंड को 301 रन की बढत

पुणे (एजेंसी)। बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी कलाई खुल गई और दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने 301 रन की मजबूत बढत बना ली। मिचेल सेंटनेर के सात विकेट के बाद टॉम लाथम (86) ने बल्ले से कमाल करते हुए न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 198 रन तक पहुंचाया।

न्यूजीलैंड को पहली पारी में 103 रन की बढत मिली थी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर टॉम ब्लंडेल 30 और ग्लेन फिलिप्स सात रन बनाकर खेल रहे थे। भारत के लिये एकमात्र अच्छी बात वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन रही जिन्होंने मैच में 11 विकेट ले लिये हैं।

न्यूजीलैंड की नजरें भारत में सीरीज में ऐतिहासिक जीत पर लगी है। पहली बार न्यूजीलैंड ने 1955 . 56 के दौरे पर यहां श्रृंखला जीती थी। भारतीय बल्लेबाजों को इस पिच पर खेलने में दिक्कत आ रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने आराम से खेला।

बेंगलुरू में पिछले टेस्ट में घरेलू मैच में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर सिमटने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 36 साल में पहली बार अपने देश में टेस्ट हारी थी। भारत ने इंग्लैंड से 2012 . 13 सत्र में हारने के बाद अपनी सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला नहीं गंवाई है। भारतीय टीम पहली पारी में 45 . 3 ओवर में 156 रन पर आउट हो गई। भारत ने सुबह के सत्र में छह विकेट 91 रन के भीतर गंवाये और ऐसा लग रहा था कि इस पिच पर बल्लेबाजी मुश्किल है लेकिन कीवी टीम ने इस धारणा को बदल दिया।

कप्तान लाथम ने भारतीय स्पिनरों को आसानी से खेला। वह 133 गेंद में दस चौकों की मदद से 86 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिये सुंदर ने पहली पारी में सात विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में चार विकेट चटकाये। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनेर ने 53 रन देकर सात विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे यहां एमसीए स्टेडियम में भारतीय टीम पहली पारी में 156 रन पर सिमट गई।

भारत के सितारा बल्लेबाज सेंटनेर से मिली चुनौती का सामना नहीं कर सके जिससे न्यूजीलैंड ने मेजबान टीम को पहली पारी में 45 . 3 ओवर में 156 रन पर आउट करके 103 रन की बढत ले ली। बायें हाथ के स्पिनर सेंटनेर ने 19 . 3 ओवर में 53 रन देकर सात विकेट लिये जबकि आफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स को दो विकेट मिले।

शुभमन गिल (30) और यशस्वी जायसवाल (30) ने दूसरे विकेट के लिये 49 रन जोड़े लेकिन इसके बाद छह विकेट 53 रन के भीतर गिर गए। लंच के समय स्कोर सात विकेट पर 107 रन था। लंच के बाद सेंटनेर ने रविंद्र जडेजा, आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह को आउट किया।

लंच तक भारत के सात विकेट 107 रन पर गिर गए। तब भारतीय टीम न्यूजीलैंड के पहली पारी के स्कोर 259 रन से 152 रन पीछे थी। बेंगलुरू टेस्ट में जहां तेज और सीम लेती गेंदों के दम पर न्यूजीलैंड ने 36 साल में पहली बार भारत को उसकी धरती पर टेस्ट में हराया तो यहां सुबह के सत्र में स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बने। नीची और टर्न लेती विकेट पर भारतीय बल्लेबाजों ने कई गलतियां की।

एक विकेट पर 16 रन से आगे भारत ने सुबह के सत्र में 91 रन के भीतर छह विकेट गंवा दिये। सबसे बड़ा झटका 24वें ओवर में लगा जब सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को मिचेल सेंटनेर ने फुलटॉस पर क्लीन बोल्ड कर दिया। सेंटनेर ने 36 रन देकर चार विकेट लिये। विकेट पर पड़ती फुलटॉस गेंद पर कोहली बुरी

तरह चूके और गेंद सीधे मध्य और लेग स्टम्प पर जा लगी।

कोहली के साथ मैदान पर बैठे दर्शकों को भी एकबारगी यकीन नहीं हुआ कि क्या हो गया है। कोहली पवेलियन लौट रहे थे तो एमसीए स्टेडियम पर पूरा सन्नाटा था। यशस्वी जायसवाल ने चार चौकों की मदद से 30 रन बनाये लेकिन ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर पहली स्लिप में कैच दे बैठे। ऋषभ पंत (18) उछाल को समझ नहीं पाये और फिलिप्स की गेंद उनके आफ स्टम्प में जा लगी।

भारत का स्कोर इस समय पांच विकेट पर 83 रन था। ईरानी कप में 220 नाबाद और पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान (11) विलियम ओ राउरकी की गेंद पर खराब शॉट खेलकर सेंटनेर को मिड आफ में आसान कैच देकर लौटे। सेंटनेर ने शुभमन गिल (30) को पहला शिकार बनाया था। वहीं लंच से पहले रविचंद्रन अश्विन (चार) को पवेलियन भेजा।

टेस्ट खेलने का सपना छोड़ना युवा मैक्सवेल के साथ अन्याय होगा: ग्लेन मैक्सवेल

पेरिस (एजेंसी)। नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों की क्रिकेट के स्टार ग्लेन मैक्सवेल ने भले ही सात साल से 'बैगी ग्रीन' नहीं पहनी हो, लेकिन इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में खेलने की लालसा अब भी उनके अंदर है और अगर वह अपने इस सपने को त्याग देते हैं तो यह उस युवा मैक्सवेल के साथ अन्याय होगा जिसने लंबे प्रारूप में खेलने का सपना देखा था। मैक्सवेल ने सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है लेकिन वह अभी तक केवल सात टेस्ट मैच भी खेल पाए हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट में 2017 में ऑस्ट्रेलिया के बांग्लादेश दौरे के दौरान खेला था।

मैक्सवेल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा,'' मेरा मानना है कि अगर मैंने टेस्ट क्रिकेट खेलने का सपना छोड़ दिया तो यह उस युवा ग्लेन मैक्सवेल के साथ अन्याय होगा जिसने बचपन से ही किसी भी कीमत पर बैगी ग्रीन कैप पहनने का सपना देखा था।'' उन्होंने कहा,''जब अब भी उम्मीद की किरण बनी हुई है, तो मैं यह सपना देखता रहूंगा।''

मैक्सवेल का भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला में टीम में जगह बनाना मुश्किल है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि जनवरी में श्रीलंका के दौरे के लिए वह टेस्ट टीम में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''जब मैं बड़ा हुआ तो टेस्ट क्रिकेट में ही खेलना चाहता था। मेरा मानना है कि मुझे टेस्ट क्रिकेट में समय से थोड़ा पहले पदार्पण का मौका मिला। यह सब कुछ बहुत जल्दी हुआ और मैं नहीं जानता था कि मुझे क्या करना है। मुझे तब प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलने का उतना अनुभव नहीं था जितना कि मैं चाहता था।

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर रहेंगे चोटिल टेम्बा बावुमा

ढाका (एजेंसी)। कोहनी की चोट से उबरने के कारण टेम्बा बावुमा बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बावुमा की अनुपस्थिति में एडेन मार्कराम सीरीज में टीम की अगुआई करते रहेंगे। बावुमा का लक्ष्य अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए फिट होना है। इस महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच में रन पूरा करने के दौरान अजीब तरह से गिरने के कारण बावुमा की कोहनी में चोट लग गई थी। वह मैच में 35 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए और फिर मैदान पर नहीं लौटे। यह वही कोहनी है जो 2022 में भारत के टी20 दौरे के दौरान चोटिल हुई थी।

दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड ने कहा, 'हमें लगता है कि वह चिकित्सकीय रूप से दूसरे टेस्ट के लिए तैयार नहीं हैं। हम (पुनर्वास) कार्यक्रम को कम करेंगे ताकि वह श्रीलंकाई सीरीज के लिए तैयार हो सकें।' बावुमा के इस सीरीज में आगे हिस्सा न लेने के कारण यह अभी भी अनिश्चित है कि वह ढाका में टीम के साथ रहेंगे या अपने पुनर्वास को जारी रखने और श्रीलंका सीरीज की तैयारी के लिए स्वदेश लौटेंगे। दक्षिण अफ्रीका का घरेलू प्रथम श्रेणी सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है, जिससे बावुमा को 27 नवंबर को किंग्समीड में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले तीन मैचों में खेलने का मौका मिलेगा।

सिर्फ एक ही भारतीय गेंदबाज से डर रही न्यूजीलैंड टीम- सबा करीम का बड़ा कमेंट

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रहे पुणे टेस्ट के दौरान भारत की गेंदबाजी लाइनअप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले वाशिंगटन सुंदर की प्रशंसा की। बेंगलुरु टेस्ट में हारने के बाद भारतीय टीम पुणे टेस्ट में भी बल्लेबाजी और गेंदबाजी विभागों में जूझ रही है। हालांकि इस दौरान सिर्फ वाशिंगटन सुंदर ही ऐसे हैं जोकि हटकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वह अब तक दो पारियों में 11 विकेट ले चुके हैं।

बहरहाल, सुंदर की गेंदबाजी तारीफ करते हुए पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने कहा कि उसका (सुंदर) प्रयास वास्तव में अच्छा है...मुझे लगता है कि वह बल्लेबाजों को हराने के लिए उन्हें तेजी से धोखा दे रहा है। ऐसा लगता है कि केवल वाशिंगटन सुंदर ही एकमात्र गेंदबाज थे,

जिनसे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डरते थे, क्योंकि ऊंचाई एक बड़ा कारक है। वह गति पैदा करते हैं और उछाल लेने में भी सक्षम है। शायद यही कारण है कि उन्हें टीम में शामिल किया गया है। उन्हें इस टेस्ट टीम में वापस आने में काफी समय लगा है, लेकिन मुझे लगता है कि इस टेस्ट मैच के प्रदर्शन से वास्तव में यहां से वाशिंगटन सुंदर के करियर को बढ़ावा मिलना चाहिए।

बहरहाल, ऐसे चल रहा है मुकाबला

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ पहली पारी में 103 रन की बढ़त के बाद दूसरी पारी में टॉम लाथम के 86 रन की बदौलत 195 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। इसी के साथ ही दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक कीवी टीम ने 301 रन की बढ़त बना ली है। वाशिंगटन सुंदर का जलवा छाया रहा जिन्होंने 4 विकेट अपने नाम किए जिसमें टॉम लाथम, डेवोन कॉनवे (17), राचिन रविंद्र (9), डेरिल मिशेल (18) और टॉम लैथम (23) के विकेट शामिल थे जबकि एक विकेट जोकि विल यंग का था, अश्विन के नाम रहा। इससे पहले दूसरे दिन की शुरूआत में भारत ने 16/1 के स्कोर के आगे खेल शुरू किया लेकर पूरी टीम 156 रन पर ढेर हो गई थी।

रिजवान टेस्ट में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले पाकिस्तानी विकेटकीपर बने, सरफराज को छोड़ा पीछे

पाकिस्तान के विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान टेस्ट क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाले सबसे तेज पाकिस्तानी विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बेन स्टोक्स की इंग्लैंड टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी के दौरान ये कामयाबी हासिल की। रिजवान ने पहली पारी में 46 गेंदों पर एक छक्का और एक चौके की मदद से 25 रन बनाए और टेस्ट क्रिकेट में अपने 2000 रन भी पूरे किए। इसके साथ उन्होंने सरफराज अहमद के बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

झूठ है भारतीय अच्छा स्पिन खेल लेते हैं : साइमन डोल

खेल डेस्क। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर ने पुणे टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 7 विकेट लिए और भारतीय बल्लेबाजों की स्पिन खेलने की क्षमता पर ऊंगली उठा दी। भारतीय टीम पहली पारी में 156 रन ही बना पाई थी। सेंटनर जिन्होंने अपने जीवन में कभी भी एक टेस्ट पारी में तीन से अधिक विकेट नहीं लिए थे, ने 7 विकेट चटकाए। उन्होंने शुभमन गिल, विराट कोहली, सरफराज खान और रवींद्र जड़ेजा जैसे खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। एक समय था जब भारतीय बल्लेबाजों को स्पिन का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता था। सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और वीवीएस लक्ष्मण जब रिटायर हुए तो भारतीय बल्लेबाजों के स्पिन खेलने पर सवाल उठने लगे। हालांकि बीसीसीआई

इतना मजबूत था कि कोई भी इस तथ्य को सामने लाने के लिए तैयार नहीं है। लेकिन अब इसी बीच न्यूजीलैंड के कमेंटेटर साइमन डोल ने बेबाकी के साथ इन तथ्यों को उजागर किया है। साइमन डूल ने कहा कि मुझे लगता है कि अब दुनिया भर में यह गलत धारणा है कि ये आधुनिक भारतीय खिलाड़ी किसी और की तुलना में स्पिन खेलने में बेहतर हैं। वे नहीं हैं। वे दुनिया भर के बाकी सभी लोगों की तरह ही हैं। गांगुली, गंभीर, लक्ष्मण और द्रविड़ के दिन गए। सचिन स्पिन और उनके पहले के युग के खिलाफ बहुत अच्छे थे। मुझे लगता है कि अच्छी गुणवत्ता वाले स्पिनर भारत को टर्निंग ट्रैक पर आउट करने में उतने ही अच्छे हैं जितने अच्छी गुणवत्ता वाले विपक्षी बल्लेबाजों के खिलाफ भारतीय स्पिनर। और जैसे ही वे आईपीएल में टर्निंग ट्रैक देखते हैं, वे शिकायत करते हैं।

जोहोर कप : भारत ने न्यूजीलैंड से 3-3 से ड्रॉ खेला

जोहोर बाहरू (मलेशिया) (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ सुल्तान जोहोर कप में शुक्रवार को खेले गए राउंड रॉबिन मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 से ड्रॉ खेला। गुरजोत सिंह (छठा मिनट), रोहित (17वां) और टी प्रियब्रत (60वां) ने भारत के लिए गोल किए जबकि ड्रैग फ्लिकर जोंटी एल्मेस (17वां, 32वां और 45वां मिनट) ने न्यूजीलैंड के लिए हैट्रिक लगाई।

भारत अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है। फाइनल में पहुंचने पर फैसला ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया के क्रमशः जापान और मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैचों के आधार पर होगा। भारत ने दमदार शुरूआत की और छठे ही मिनट में गुरजोत ने गोल किया। दो मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। इस बीच न्यूजीलैंड ने पलटवार पर हमले किए लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया।

न्यूजीलैंड के लिए पहला गोल 17वें मिनट में एल्मेस ने दागा। भारत ने इसी मिनट में रोहित के गोल के दम पर फिर बढ़त बना ली। भारत ने दूसरे क्वार्टर में कई पेनल्टी कॉर्नर बनाये लेकिन सफलता नहीं मिली। न्यूजीलैंड के लिए तीसरे क्वार्टर में एल्मेस ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। उन्होंने ही 45वें मिनट में एक और गोल करके न्यूजीलैंड की बढ़त 3-2 की कर दी। भारत ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका गंवाया। भारत को आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर वैरिएशन आजमाया गया और प्रियब्रत ने गोल दागा।

सरफराज खान के खेलने का तरीका अद्वितीय : आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली। बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट में क्रिकेट प्रेमियों ने सरफराज खान के शानदार प्रदर्शन को देखा, जिसने अपने असाधारण खेल के कारण सबका ध्यान आकर्षित किया। सरफराज ने 150 रन बनाए, जिसमें से 96 रन विकेट के पीछे बने। उनकी कोमल कलाइयों, ठोस बैट स्विंग और फुर्तीले फुटवर्क ने उन्हें इस मैच में खास बनाया। खासकर थर्ड-मैन क्षेत्र में उनके रैंप शॉट्स, कट और स्वीप शॉट्स ने सभी को प्रभावित किया। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने सरफराज की तकनीक का खुलासा करते हुए कहा कि उनका खेलने का तरीका अद्वितीय है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर बल्लेबाज गेंद के पीछे जाने की कोशिश करते हैं, लेकिन सरफराज गेंद के पास रहकर खेलते हैं। चूंकि वे छोटे कद के हैं, इसलिए वे बैकफुट पर ज्यादा मूव नहीं करते, जिससे उन्हें शॉर्ट-पिच गेंदों पर खेलने में आसानी होती है। चोपड़ा ने कहा, उनके पास हमेशा शॉट खेलने के लिए जगह होती है, और यही उनकी सफलता का रहस्य है। आकाश ने यह भी उल्लेख किया कि गेंदबाज अब तक सरफराज के खेलने के तरीके को समझ नहीं पाए हैं। उन्होंने कहा, उनकी अनूठी तकनीक में उन्हें आत्मविश्वास है, और लोग उन्हें पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं। चोपड़ा ने यह भी कहा कि क्रिकेट हमें यह दिखाता है कि हमारी समझ कभी भी बदल सकती है। उदाहरण के लिए, जसप्रीत बुमराह के गेंदबाजी एक्शन पर भी पहले कई सवाल उठाए गए थे, लेकिन वह अपने तरीके से सफल हुए हैं।

इमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के भिड़ने की संभावना

नई दिल्ली (एजेंसी)। इमर्जिंग एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच फाइनल मुकाबले की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। टूर्नामेंट की शुरुआत धमाकेदार रही, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 7 विकेट से हराया था। इस जीत ने टीम इंडिया के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया।

सेमीफाइनल की जानकारी

भारत ए टीम, जिसका नेतृत्व तिलक वर्मा कर रहे हैं, ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों ग्रुप मैचों में जीत हासिल की। अब उनका सामना सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से होगा। वहीं, पाकिस्तान ने भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जिसने तीन में से दो मैच जीतकर अंतिम चार में स्थान बनाया है। पाकिस्तान का मुकाबला श्रीलंका से होगा। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे भिड़ेंगी, जबकि भारत और अफगानिस्तान के बीच दूसरे सेमीफाइनल का मुकाबला भी इसी दिन खेला जाएगा।

ग्रुप स्टेज का प्रदर्शन

भारत ने ग्रुप स्टेज पर अपने सभी तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ पॉइंट टेबल में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस ग्रुप में पाकिस्तान भी था, जिसने 4 अंक के साथ सेमीफाइनल में स्थान बनाया। ग्रुप ए से श्रीलंका ने 3 में से दो मैच जीते, जबकि अफगानिस्तान ने भी 2 मैच जीतकर अपनी जगह बनाई। बेहतर नेट रनरेट के कारण श्रीलंका अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें शामिल थीं, लेकिन बांग्लादेश ए और हांगकांग को बाहर होना पड़ा। ग्रुप बी से मेज़बान यूएई और ओमान की टीम भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।

फाइनल की उम्मीदें

यदि भारत अफगानिस्तान को हराने में सफल होता है और पाकिस्तान श्रीलंका को मात देता है, तो क्रिकेट प्रेमियों को भारत और पाकिस्तान के बीच एक रोमांचक फाइनल देखने को मिलेगा। दोनों टीमों के बीच की प्रतिद्वंद्विता हमेशा से क्रिकेट की दुनिया में चर्चा का विषय रही है। ऐसे में फाइनल मुकाबला एक बड़े आयोजन के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें क्रिकेट प्रेमी अपनी आंखें टिकाए रहेंगे।

शमी की जगह मयंक को शामिल करें टीम में : ब्रेट ली

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का कहना है कि अगर अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी फिट नहीं हो पाते हैं, तो मयंक यादव को टीम में शामिल किया जाना चाहिए। ब्रेट ली ने भारतीय क्रिकेट टीम के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उनका मानना है कि मयंक की तेज गति और हालिया प्रदर्शन उन्हें ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर प्रभावी बना सकता है। भारतीय टीम अगले महीने 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। टीम इंडिया का लक्ष्य इस दौरे पर लगातार तीसरी बार टेस्ट सीरीज जीतने का है। इसके साथ ही, उनकी नजरें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर भी टिकी हैं। इस समय शमी की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है, क्योंकि उन्होंने पिछले साल नवंबर में विश्व कप फाइनल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। ब्रेट ली ने कहा, 'बल्लेबाजों को 135-140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की गेंदों का सामना करने में कोई परेशानी नहीं होती। लेकिन जब गेंदबाज 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करता है, तो बल्लेबाजों के लिए इसे खेलना मुश्किल हो जाता है।' उन्होंने मयंक की क्षमता की सराहना की, यह कहते हुए कि वह ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मयंक यादव ने हाल ही में आईपीएल में 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें चोट लग गई। ली ने कहा, 'मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि मुझे आईपीएल में कई अच्छे युवा भारतीय क्रिकेटरों को देखने का मौका मिला है। अगर मयंक को सही समय पर फिट किया जाए, तो वह भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।' ली ने यह भी बताया कि भारतीय टीम में विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं जो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को परेशान कर सकते हैं।

23 साल में पहली बार हुआ ऐसा, भारत ने घरेलू टेस्ट में एक और खराब रिकॉर्ड अपने नाम किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने शुक्रवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में मात्र 156 रन पर आउट होने के बाद शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया। न्यूजीलैंड ने पहले दिन 259 रन बनाए थे, लेकिन इस उसे 103 रन की बढ़त मिल गई। यह लगातार दूसरा घरेलू टेस्ट है, जिसमें भारत ने किसी सीरीज में 100 से अधिक रन की बढ़त गंवाई है, ऐसा 23 साल में नहीं देखा गया।

बेंगलुरू में पिछले टेस्ट में भारत को चौंकाने वाला झटका लगा था, जब वह मात्र 46 रन पर आउट हो गया था जो उसका सबसे कम घरेलू स्कोर था, और उसने मेहमान टीम को 356 रन की बड़ी बढ़त दे दी थी। इसके कारण भारत 8 विकेट से मैच हार गया था। पिछली बार भारत ने 2001 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट मैचों में 100 से अधिक की बढ़त गंवा दी थी, जहां उन्होंने वानखेड़े में 173 रन और ईडन गार्डन्स में 274 रन गंवाए थे।

इस अवांछित रिकॉर्ड के बावजूद भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस श्रृंखला में शानदार वापसी की और वे न्यूजीलैंड के खिलाफ इस श्रृंखला में भी इसी तरह की वापसी की उम्मीद कर रहे होंगे। दूसरे टेस्ट की शुरुआत भारत के लिए सकारात्मक रही जिसमें वाशिंगटन सुंदर ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 7/59 का प्रदर्शन किया और न्यूजीलैंड को 259 रनों पर आउट कर दिया।

हालांकि पहले दिन भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई, कप्तान रोहित शर्मा शून्य पर आउट हो गए, जिससे मेजबान टीम का स्कोर 16/1 हो गया। दूसरे दिन शुभमन गिल (30) और यशस्वी जायसवाल (30) सहित भारत का शीर्ष क्रम स्थिर दिखाई दिया, जिससे स्कोर 50/1 हो गया। गिल मिशेल सेंटनर द्वारा एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। इसके बाद भारत ने 24 ओवर में 106 रन पर 9 विकेट खो दिए।

सेंटनर ने 53 रन देकर 7 विकेट लेकर न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज़्यादा विकेट लिए, जबकि रविंद्र जडेजा ने 46 गेंदों पर 38 रन बनाए जो कि आखिरी समय में एकमात्र उल्लेखनीय पारी थी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में पर्याप्त बढ़त हासिल कर ली है इसलिए अब भारत के सामने मैच और सीरीज में प्रतिस्पर्धी बने रहने की चुनौती है।

केजीएफ 3 को लेकर यश ने साझा की अपडेट

दक्षिण भारतीय अभिनेता यश को प्रशांत नील द्वारा निर्देशित एक्शन हिट फिल्म 'केजीएफ' में अपने प्रदर्शन के लिए बहुत प्यार और सराहना मिली। प्रशंसक इस फ्रेंचाइजी के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'केजीएफ 3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक हालिया साक्षात्कार में, यश ने साझा किया कि 'केजीएफ 3' निश्चित रूप से बनेगी, जिसमें वह 'रॉकी भाई' की भूमिका में नजर आएंगे।

'केजीएफ 3' को लेकर कही ये बात

हाल ही में एक बातचीत में, यश ने पुष्टि की कि वह तीसरे भाग को बनाने के लिए प्रशांत के साथ चर्चा कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता ने खुलासा किया कि वह वर्तमान में गीतू मोहनदास की 'टॉक्सिक' की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, 'मैं वादा करता हूं, हम इसके बारे में बात करते रहेंगे। हमारे पास एक आईडिया है। इसलिए इसे वास्तव में हमारे फोकस की आवश्यकता है।'

'केजीएफ 3' को बेहतर बनाने की कोशिश

रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता ने यह भी कहा निर्माता यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि फिल्म प्रशंसकों और दर्शकों की अपेक्षाओं को पूरा करे, क्योंकि चरित्र और फिल्म दोनों को बहुत प्यार मिला है। इस बार हम कुछ बड़ा लेकर आएंगे।
'केजीएफ : चैप्टर 2' भारत की सबसे सफल फिल्मों में से एक मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में एक चैट में, यश ने पुष्टि की कि वह रणबीर कपूर अभिनीत 'रामायण' में रावण की भूमिका निभाने को लेकर इच्छा जाहिर की है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।
'केजीएफ : चैप्टर 2' हिंदी क्षेत्र सहित भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म में अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी भी मुख्य भूमिका में थीं।

नायरा बनर्जी आगामी शो 'चेकमेट' के लिए तैयार

'दिव्य दृष्टि' और 'जुबान संभालकर' जैसे टेलीविजन शो में काम कर लोकप्रिय हुई अभिनेत्री नायरा बनर्जी ने साझा किया कि उनके अपकमिंग शो में उनका किरदार उनसे काफी मिलता-जुलता है। नायरा बनर्जी तेलुगु, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में कई सफल शो देने के बाद अब अपने आगामी शो 'चेकमेट' के लिए तैयार हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने शो में आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की और कई खुलासे किए। शो रहस्यमय हत्याओं, रोंगटे खड़े कर देने वाले अपराधों और सस्पेंस से भरा है। शो में वह मुख्य महिला की भूमिका निभा रही हैं, जिसमें उनके किरदार का नाम नीलम है। उनका किरदार शो में पति शेखर के साथ घुटन भरे विवाह के बंधन में फंस जाता है। अभिनेत्री ने बताया कि शेखर काफी रहस्यमयी व्यक्ति हैं। नाखुश शादी के इस जाल से बाहर आने का संघर्ष, उनका लचीलापन, ताकत और शक्ति ही शो का सार है। शो के बारे में बात करते हुए नायरा ने कहा 'मेरा मानना है कि यह शो अपने आप में बहुत अच्छी तरह से शूट किया गया है। आज की दुनिया में इस तरह की धोखाधड़ी हमारे समाज में बहुत आम है, लेकिन हम कभी-कभी इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं या बात नहीं कर पाते हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि वास्तव में इस शो के किरदार ने मुझे इस भूमिका को जीवंत बनाने का मौका दिया। दर्शक देख सकते हैं कि शो हर एपिसोड के साथ अपने रहस्य को कैसे उजागर करता है। उन्होंने कहा 'हमें यह सुनिश्चित करने और सीन को सही तरह से करने के लिए कई बातों का ध्यान रखना पड़ा। इन चुनौतियों के बावजूद, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि परिणाम असाधारण रूप से शानदार रहे।' नायरा ने शो को फिल्माने के दौरान अपने सबसे कठिन शॉट को साझा करते हुए कहा 'मेरा मानना है कि एक रहस्य ड्रामा को फिल्माना अपनी अनूठी चुनौतियों के साथ आता है, क्योंकि दर्शकों के लिए एक रोमांचक और रहस्यपूर्ण अनुभव बनाना हमारी जिम्मेदारी है। सबसे कठिन सीन के बारे में अभिनेत्री ने बताया कि इनमें से सबसे कठिन हत्या का प्रयास वाला सीन था। शो में नायरा बनर्जी के साथ शालीन मल्होत्रा, रोहित खंडेलवाल और अरफीन अल्वी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' में शामिल हुईं वामिका गब्बी?

अक्षय कुमार ने अपने जन्मदिन पर हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को खुश किया। अभिनेता ने एक मोशन पोस्टर भी साझा किया जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई रही है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अभिनेत्री वामिका गब्बी फिल्म की टीम में शामिल हो गई हैं।

वामिका गिब्बी हुईं शामिल

फिल्म की नायिका के साथ साथ इसकी शूटिंग के बारे में भी दिलचस्प जानकारी सामने आई है। फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वामिका ने डिजिटल दुनिया में अपने काम से सभी को प्रभावित किया है और अब वह बेबी जॉन और भूत बंगला जैसी फिल्मों के साथ थिएटर मीडियम पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने डॉटेड लाइन्स साइन कर ली हैं और भूत बंगला में उनकी भूमिका दमदार है, जो सिनेमा देखने वाले दर्शकों के बीच हंसी का माहौल पैदा करेगी।'

फिल्म के कलाकार

दावा किया गया कि अक्षय और वामिका 'भूत बंगला' में एक अनोखी भूमिका में नजर आएंगे और इस बारे में विस्तृत जानकारी गुप्त रखी गई है। बताया गया है कि वामिका के अलावा फिल्म में दो और महिला कलाकार होंगी। यह हॉरर तत्वों से भरपूर एक कॉमिक कैपर है, जिसमें एक ही घर में तीन लड़कियां हैं। साथ ही परेश रावल, राजपाल यादव और असरानी जैसे पागल कलाकारों की टोली भी है। भूत बंगला के लिए और कास्टिंग चल रही है।

फिल्म का पहला पोस्टर

9 सितंबर को अक्षय कुमार ने मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा था, 'साल दर साल मेरे जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए धन्यवाद। इस साल का जश्न 'भूत बंगला' के पहले लुक के साथ मना रहा हूं। मैं 14 साल बाद फिर से प्रियदर्शन के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। यह ड्रीम कोलेबोरेशन लंबे समय से आ रहा था। इस अविश्वसनीय यात्रा को आप सभी के साथ साझा करने का इंतजार नहीं कर सकता। जादू के लिए बने रहें।' लुक में अक्षय कुमार दूध पीते हुए दिखाई दे रहे थे, जबकि एक काली बिल्ली उनके कंधे पर बैठी थी।

फिल्म की शूटिंग

इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि इसमें काला जादू होगा, जिसमें अक्षय तीन अभिनेत्रियां के साथ काम करेंगे। फिल्म का ज्यादातर हिस्सा हैदराबाद, केरल के एक जंगल, श्रीलंका में शूट किया जाएगा। चर्चा यह भी है कि फिल्म में कियारा आडवाणी, कीर्ति सुरेश और आलिया भट्ट हो सकती हैं।

उर्मिला और मोहसिन अख्तर का रिश्ता टूटने के कगार पर

बालीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर और उनके पति मोहसिन अख्तर का रिश्ता टूटने के कगार पर है। यह कपल शादी के आठ साल बाद तलाक लेने की योजना बना रहा है। तलाक की खबरों के बीच, उर्मिला मातोंडकर को 21 अक्टूबर को एक इवेंट में पहली बार पब्लिक प्लेस पर देखा गया। इस दौरान उन्होंने पर्पल लॉन्ग स्कर्ट पहनी थी, जिसे गोल्डन ब्लाउज और स्टडेड जैकेट के साथ स्टाइल किया था। उर्मिला इस मौके पर अपनी शादी की अंगूठी नहीं पहनने के लिए चर्चा में रही, लेकिन उन्होंने वहां मौजूद मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। सूत्रों के अनुसार, उर्मिला ने लगभग पांच महीने पहले तलाक के लिए अर्जी दी थी। पिछले कुछ समय से, दोनों अलग रह रहे हैं और एक साथ नहीं रह रहे हैं। हालांकि, दोनों के अलग होने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि यह तलाक आपसी सहमति से नहीं हो रहा है। सूत्र ने कहा, सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, उर्मिला ने मोहसिन अख्तर के साथ अपनी शादी को खत्म करने का फैसला किया है। वह पहले ही कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल कर चुकी हैं। हालांकि, अलग होने के पीछे का कारण अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह म्यूच्युल नहीं है। उर्मिला मातोंडकर और मोहसिन अख्तर ने 3 मार्च, 2016 को शादी की थी, जो एक इंटर-फेथ मैरिज थी। उनकी शादी को हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। बावजूद इसके, उर्मिला और मोहसिन ने अपने प्यार को साबित करते हुए अपनी शादी को बेहद सम्मान के साथ निभाया। हालांकि, इस समय दोनों के बीच तलाक की प्रक्रिया चल रही है, और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही वे इस पर कोई आधिकारिक स्टेटमेंट जारी करेंगे। उर्मिला के फैंस इस स्थिति को लेकर चिंतित हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक होगा।

अनिल कपूर का एक फैसला बना चर्चा का विषय

हाल ही में अभिनेता अनिल कपूर को एक पान मसाला के विज्ञापन के लिए 10 करोड़ रुपये का ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। उनका यह फैसला उनके फैंस और फिल्म इंडस्ट्री में चर्चा का विषय बना दिया है। जानकारी के अनुसार, अनिल कपूर ने इस विज्ञापन को अस्वीकार करने का निर्णय अपने फैंस और दर्शकों की सेहत को ध्यान में रखते हुए लिया। उन्होंने कहा कि वे ऐसे उत्पादों का प्रमोशन नहीं करना चाहते हैं, जो उनके दर्शकों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। अनिल कपूर ने हमेशा एक हेल्दी लाइफस्टाइल को बढ़ावा दिया है और उनकी प्राथमिकता अपने फैंस के स्वास्थ्य की सुरक्षा है। अनिल कपूर के इस निर्णय ने उन्हें और भी ज्यादा सम्मानित बना दिया है। उनके फैंस उन्हें सराह रहे हैं और उनकी सोच को सकारात्मक रूप से देख रहे हैं। अनिल कपूर का यह कदम यह दर्शाता है कि वे पैसों से ज्यादा अपने सिद्धांतों को महत्व देते हैं।



यह बात न केवल अनिल कपूर के फैंस के लिए, बल्कि उन सभी लोगों के लिए एक प्रेरणा है जो अपने स्वास्थ्य और जीवनशैली को लेकर लापरवाह हैं। इसी क्रम में, आर माधवन का नाम भी चर्चा में आया है। उन्होंने इसी साल अगस्त में एक पान मसाला ब्रांड के लिए एंबेसडर बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। माधवन ने अपने फैंस के प्रति ईमानदारी बरतते हुए इस ऑफर को अस्वीकार किया, जो उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है। अनिल कपूर और आर माधवन के इस कदम से यह स्पष्ट होता है कि बॉलीवुड में कुछ सितारे अपने दर्शकों की भलाई को प्राथमिकता देते हैं। उनका यह निर्णय एक सकारात्मक संदेश है, जो अन्य सितारों को भी प्रेरित कर सकता है।

कार्तिक आर्यन ने फिल्मी सफर को लेकर किए कई खुलासे

ॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल ुलैया 3 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में कार्तिक ूह बाबा के किरदार में नजर आएंगे। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान ार्तिक ने बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कहा कि किसी ने ी उन्हें कभी 500 करोड़ रुपये कमाने वाला निर्देशक नहीं दिया, लेकिन ह इससे संतुष्ट हैं।

कार्तिक आर्यन ने अपने फिल्मी करियर को लेकर कही खास बातें

ाभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं, न्होंने इंडस्ट्री में अपनी काबिलियत साबित की है। हाल ही में, कार्तिक ने ापने फिल्मी सफर पर खुलासा किया कि उन्हें कुछ भी नहीं दिया गया ौर उन्हें अपना रास्ता खुद बनाना पड़ा। उन्होंने कहा, फ्किसी ने मुझे 00 करोड़ रुपये का निर्देशक नहीं दिलाया, क्योंकि उन्होंने डेब्यू ायरेक्टर्स के साथ काम किया है।'

क्या कभी फिल्मों को लेकर बनाया गया दबाव?

ीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब कार्तिक से पूछा गया कि क्या कभी नपर स्त्री 2 और एनिमल के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और सफलता को ेकर उनके ऊपर दबाव बनाया गया। इस पर कार्तिक ने कहा, फ्इसके ीछे पूरी मैथ है, जैसे कि टीम क्या है, उनकी पिछली फिल्म कौन सी थी, नकी अगली फिल्म कौन सी है, दर्शक किसे देखने आ रहे हैं? क्या यह ाल की सबसे बड़ी तारीख है, क्या इस दौड़ में कई छुट्टियां हैं? कई तरह के कैलकुलेशन हैं, जिन पर आप और साथ ही इंडस्ट्री भी गौर कर रही है, जब ये चीजें अच्छी तरह से कैलकुलेट हो जाती हैं, तो आप पर इसका दबाव नहीं होता।'

उन्हें अपने अवसर खुद बनाने पड़े

अपने करियर के बारे में बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने बताया कि उन्हें कभी भी थाली में परोसी गई कोई चीज नहीं मिली। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने अवसर खुद बनाने पड़े और बताया कि जब उन्होंने शुरुआत की थी, तो उन्हें 500 करोड़ रुपये की फिल्मों के लिए जाने जाने वाले निर्देशक के साथ काम करने का फायदा नहीं मिला। इसके बजाय उन्होंने डेब्यू डायरेक्टर्स के साथ काम किया था।

मैंने किया है डेब्यू निर्देशकों के साथ काम

कार्तिक ने कहा, 'मेरे सफर में, मुझे कभी भी कुछ नहीं मिला। मुझे खुद सबकुछ संभालना पड़ा, कोई भी मेरे पास ऑफर लेकर नहीं आया, जब मैंने शुरुआत की थी, तो किसी ने मुझे 500 करोड़ रुपये का निर्देशक नहीं दिया, मैंने सभी डेब्यू निर्देशकों के साथ काम किया।'

भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे

कार्तिक ने माना कि वह बहुत भाग्यशाली नहीं रहे हैं, लेकिन उन्हें पता है कि उनके विकास की संभावना कहां है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह किसी से कोई तुलना या शिकायत नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने कहा कि वे अपनी आने वाली स्थिति से संतुष्ट हैं। कार्तिक ने बताया कि जब वह

पहली बार मुंबई शहर में आए थे, तो उन्हें लगभग कुछ नहीं माना जाता था, लेकिन अब उन्हें पूरे देश में पहचान मिली, जिसे वह आभारी मानते हैं। काम के मोर्चे की बात करें तो कार्तिक जल्द ही इस दिवाली पर भूल भुलैया 3 में तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का लगाते नजर आएंगे।